**उत्तर-** भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर है। मोर की आवाज मीठी होती है। यह एक आकर्षक पक्षी है। मोर को वर्षा ऋतु बहुत पसंद है।

**कल्पना की उड़ान**

- **क्या कभी आपकी मीठी बोली की किसी ने प्रशंसा की है? बताइए।**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **कक्षा में अलग-अलग स्वाद की चार वस्तुएँ रखिए और फिर एक-एक करके चार बच्चों की आँखों पर पट्टी बाँधकर उन्हें चखवाइए। चारों बच्चों के चेहरे के भाव सब बच्चों को दिखाइए तथा उनसे स्वाद के विषय में चर्चा कीजिए। यह प्रक्रिया चार-चार बच्चों के समूह में पुनः दोहराइए।**

  स्वयं कीजिए।

# 13. राखी का त्योहार ( त्योहार-वर्णन )

**अभ्यास-माला**

**पाठ-ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए**

**उत्तर-** 1. देवेश इलाहाबाद में पढ़ाई कर रहा था।

2. रक्षाबंधन भाई-बहन का त्योहार है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. नन्हीं मुनमुन की **खुशियों** का ठिकाना न था।

2. वह सितारों से जड़ी बड़ी सुंदर-सुंदर **राखियाँ** लाई थी।

3. पहले उसने देवेश भैया को **तिलक** लगाया।

4. अंशुल ने मुनमुन को एक अच्छी-**सी पेंसिल** दी।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (c) रक्षाबंधन    2. (a) देवेश    3. (a) रक्षाबंधन

**( घ ) वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखिए-**

**उत्तर-** 1. सही    2. सही    3. गलत    4. सही    5. गलत

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. मुनमुन राखी के त्योहार के आने से खुश थी।

2. देवेश इलाहाबाद में रहता था।

3. मुनमुन अपने भाई देवेश और अंशुल को राखी बाँधती है।

4. देवेश ने मुनमुन को कहानियों की रंग-बिरंगी किताब दी।

5. मुनमुन की मम्मी ने उसे बताया कि राखी को रक्षाबंधन का त्योहार भी कहते हैं।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) सही मिलान कीजिए-**

**उत्तर-**

| | |
|---|---|
| • मीठी | • बरफी |
| • सुंदर | • राखी |
| • पक्की | • दोस्ती |
| • अनोखा | • त्योहार |
| • रंग-बिरंगे | • फूल |

**( ख ) सही शब्द पर गोला (◯) बनाइए -**

**उत्तर-**

| | | |
|---|---|---|
| राखि | (राखी) | रखि |
| भैय | (भैया) | भेया |
| (प्यार) | पयार | प्य्यार |
| इतजार | इंताजार | (इंतज़ार) |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **एक सुंदर-सी राखी बनाकर कक्षाध्यापक को दिखाइए।**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**


- **आपको रक्षाबंधन का त्योहार क्यों अच्छा लगता है? लिखिए।**

  रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। यह अटूट प्रेम का त्योहार है। यह त्योहार हमें भाई-बहन के स्नेह के लिए अच्छा लगता है। इस दिन हम सुबह जल्दी उठकर नए वस्त्र पहनते हैं। भाई को राखी बाँधते है, मिठाई खिलाते हैं। भाई-बहन को उपहार देते हैं। इसलिए यह त्योहार हमें अच्छा लगता है।

**खेलकर सीखें**

- **किससे, किसका संबंध है? सही मिलान कीजिए**

**उत्तर–**



# 1. भारत की ध्वजा उड़ाएँगे ( कविता )

## अभ्यास-माला

## पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. बच्चे नन्हे-नन्हे हैं।

2. बच्चे हिम्मत से हिमगिरि पर चढ़ जाएँगे।
3. स्वयं कीजिए।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए-**

**उत्तर-** 1. नादान उमर के **कच्चे** हैं,
पर अपनी **धुन** के सच्चे हैं।

2. हम भय से कभी न **डोलेंगे**,
अपनी **ताकत** को तोलेंगे।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (a) हिम्मत से 2. (c) हिमगिरि 3. (d) सोहनलाल द्विवेदी

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. बच्चे अपने ही बारे में कह रहे हैं कि हम नादान उम्र के कच्चे हैं, परंतु फिर भी हम अपनी लगन के सच्चे हैं।

2. बच्चे अपने पथ से विचलित न होकर कठिन-से-कठिन काम कर सकते हैं।
3. जननी की जय-जय बोलने का अर्थ है'भारत माँ की जय बोलना।'

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) शब्द बनाइए-**

**उत्तर-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ष्ट | कष्ट | — | **नष्ट** | ध्व | ध्वज | — | **ध्वस्त** |
| म्म | हिम्मत | — | **मरम्मत** | न्य | धन्य | — | **न्याय** |

**( ख ) शब्दों में से पर्यायवाची चुनकर लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ध्वज | **पताका** | ताकत | **हिम्मत** |
| पथ | **रास्ता** | हिम | **बरफ** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **'तिरंगा' भारत का राष्ट्रीय ध्वज व 'अशोक स्तंभ' राष्ट्रीय प्रतीक है। इसी प्रकार, भारत के अन्य राष्ट्रीय प्रतीक भी हैं। उनकी एक सूची बनाइए।**

**उत्तर-** स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **बड़े होकर आप किस प्रकार भारत देश की सेवा व रक्षा करेंगे? सोचकर बताइए।**

**उत्तर-** स्वयं कीजिए।

- **भारत का राष्ट्रीय ध्वज बनाइए।**

  स्वयं कीजिए।

# 2. बुद्धिमान हंस ( कहानी )

## अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. हंस जंगल में पीपल के पेड़ पर रहते थे।

2. बेल के तने से पेड़ पर सीढ़ी-सी बन गई।
3. शिकारी ने हंसों को मरा हुआ जानकर नीचे फेंक दिया।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. जंगल में एक **पीपल** का पेड़ था।
2. एक दिन बूढ़ा **हंस** पेड़ पर बैठा था।
3. हंस **दाना** चुगने बाहर गए।
4. तभी एक **शिकारी** उधर आया।
5. हम **जाल** में फँस गए हैं।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (c) छोटी-सी बेल पर
2. (d) (a) व (b) दोनों
3. (b) दाना चुगने
4. (a) बूढ़े हंस ने

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. बूढ़े हंस ने ऐसा इसलिए कहा, क्योंकि वह जानता था कि एक दिन यह छोटी बेल पेड़ के पूरे तने से लिपट जाएगी और नीचे से ऊपर तक पेड़ पर चढ़ने के लिए सीढ़ी बन जाएगी सीढी के सहारे कोई भी आसानी से चढ़ जाएगा।
2. बूढ़ा हंस बुद्धिमान व दूरदर्शी था।
3. जाल शिकारी ने बिछाया था।
4. बूढ़े हंस ने कहा कि जब शिकारी हमारे पास आएगा। सब मरे हुए से हो जाना, मरा हुआ देख शिकारी जाल से बाहर निकाल देगा। उसी समय सब उड़ जाना।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) रंगीन शब्द किसके लिए आए हैं? लिखिए-**

**उत्तर-** 1. बूढ़े हंस 2. शिकारी 3. बूढ़ा हंस 4. सभी हंस

**( ख ) शब्दों के बहुवचन लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दाना | **दाने** | शाखा | **शाखाएँ** | घोड़ा | **घोड़े** |
| बाला | **बालाएँ** | पत्ता | **पत्ते** | माला | **मालाएँ** |
| जूता | **जूते** | कन्या | **कन्याएँ** | | |

**( ग ) पढ़िए और अंतर समझिए-**

**उत्तर-** स्वयं कीजिए।

**( घ )** **पढ़िए, समझिए और लिखिए–**

**उत्तर–** आसान + ई = **आसानी** बुद्धिमान + ई = **बुद्धिमानी**

शिकार + ई = **शिकारी** हैरान + ई = **हैरानी**

**( ङ )** **शब्दों से वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** अचानक = **अचानक** से जंगल में शिकारी आ गया।

दूरदर्शी = बूढ़ा हंस **दूरदर्शी** था।

जाल = शिकारी ने पेड़ पर **जाल** बिछा दिया।

बुद्धिमान = राम बहुत **बुद्धिमान** है।

**विषय-संवर्धन गतिविधियाँ**

**आइए, कुछ करें**

- **दिए गए स्थान पर हंस का चित्र बनाइए और रंग भरिए–**

  स्वयं कीजिए।


**कल्पना की उड़ान**

- **कोई ऐसी घटना बताइए जब आपने अपने बड़ों की बात न मानी हो और बाद में पछताना पड़ा हो।**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **जो-जो चीज़ें पेड़ पर रहती हैं उन पर '✓' का निशान लगाइए–**



## 3. सुनहरी चिड़िया ( कहानी )

**अभ्यास-माला**

**पाठ-ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**( क )** **निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. जंगल में बड़े-से पेड़ पर तरह-तरह के पक्षी रहते थे।

2. मेहमान सुनहरी से नाराज होकर इसलिए चले गए क्योंकि उनके खाने में बार-बार कंकड़ आ रहे थे।
3. गेहूँ के दाने देखकर मोना को लालच आ गया।

**लिखित प्रश्न**

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. सुनहरी दूसरों के साथ अच्छा **व्यवहार** करती थी।
2. सुनहरी के घर **मेहमान** आने वाले थे।
3. उसकी **सहायता** के लिए कोई नहीं आया।
4. सुनहरी व **चूहे** ने मोना को जाल से छुड़ाया।
5. उसने अपनी गलती के लिए **माफी** माँगी।

**(ग) सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (c) बुरा 2. (c) सुनहरी के
3. (a) कंकड़ 4. (d) (a) व (b) दोनों

**(घ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. सुनहरी के अच्छे व्यवहार के कारण सभी पशु-पक्षी उसे पसंद करते थे।
2. मोना चिड़िया के बुरे व्यवहार के कारण उसे कोई पसंद नहीं करता था।
3. मोना ने सुनहरी के घर जाकर खाने में कंकड़ मिला दिए।
4. सुनहरी ने अपने मित्र चूहे की सहायता से मोना को शिकारी के जाल से छुड़ाया।

**व्याकरण-ज्ञान**

**(क) शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-**

**उत्तर-** आँख — **नेत्र** **चक्षु** मित्र — **सखा** **साथी**
पक्षी — **खग** **विहग**

**(ख) शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

**उत्तर-**

| | |
|---|---|
| व्यवहार | हमें सभी से अच्छा **व्यवहार** करना चाहिए। |
| धन्यवाद | हरि के द्‌वारा सहायता करने पर शिवम् ने उसे **धन्यवाद** दिया। |
| कोशिश | मानव को सफल होने के लिए पूरी **कोशिश** करनी चाहिए। |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **नीचे कुछ पक्षियों के चित्र दिए गए हैं। इन्हें पहचानकर इनके नाम लिखिए-**


बुलबुल


कौआ


बतख


बगुला

**कल्पना की उड़ान**

- **यदि आपका कोई मित्र आपसे ईर्ष्या करता है, तो क्या आप संकट के समय उसकी सहायता करेंगे या नहीं। यदि उसकी सहायता करेंगे तो क्यों करेंगे, सोचकर बताइए।**

**उत्तर–** यदि हमारा मित्र संकट में है, तो हमारा दायित्व बनता है कि हमें उसकी सहायता करनी चाहिए। हमें अपने गुणों व संस्कारों को ध्यान में रखते हुए मदद अवश्य करनी चाहिए। क्योंकि हमसे ईर्ष्या हमारा मित्र करता है हम नहीं।

**खेलकर सीखें**

- **भारत के राष्ट्रीय पक्षी के चित्र में रंग भरिए और उसका नाम भी लिखिए–**
  स्वयं कीजिए।

## 4. रामू के सपने ( कहानी )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–**
1. चमकते हुए चाँद को देखकर रामू सोचता था कि एक दिन वह भी चंदा मामा से मिलने अवश्य जाएगा।
2. अध्यापक ने रामू और दूसरे बच्चों को पढ़ना-लिखना, चित्र बनाना और गाना सिखाया था।
3. व्यक्ति अंतरिक्ष यात्री बनकर चाँद पर पहुँच सकता है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–**
1. रामू सात-आठ साल का एक **छोटा-सा** बालक था।
2. एक दिन रामू के गाँव में एक **आदमी** आया।
3. **अध्यापक** ने रामू और दूसरे बच्चों को बड़े प्यार से नई-नई बातें बताईं।
4. आज मनुष्य के चरण **चाँद** पर पड़ चुके हैं।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (c) समुंद्र के किनारे — 2. (a) पशुओं को चराने
3. (b) अध्यापक ने — 4. (d) अंतरिक्ष यात्री

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–**
1. रामू के माता-पिता खेतों में काम करने, रामू का भाई पशुओं को चराने और रामू की बहन जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ बटोरने जंगल में चली जाती थी।
2. रामू उड़ते पक्षी को देखकर स्वयं उड़ने, पानी में मछली को देखकर पानी में जाकर उनके साथ खेलने, समुद्र की लहरों को देखकर समुद्र पार करने और चाँद को देखकर चाँद पर जाने के सपने देखता था।
3. हाँ, जब अध्यापक ने उसे बताया कि तुम वायुयान में बैठकर उड़ सकते हो, पनडुब्बी में बैठकर पानी के अंदर जा सकते हो और राकेश शर्मा की तरह अंतरिक्ष यात्री बनकर चाँद पर भी जा सकते हों तब रामू की जिज्ञासा शांत हो पाई।

**व्याकरण-ज्ञान**

- **शब्दों से विशेषण बनाइए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुख | **सुखी** | दया | **दयालु** | जंगल | **जंगली** |
| परिवार | **पारिवारिक** | बाहर | **बाहरी** | चमक | **चमकीला** |

**विषय-संवर्धन गतिविधियाँ**

**आइए, कुछ करें**

- **आकाश में दिखाई देने वाली वस्तुओं की सूची बनाइए।**


**उत्तर-** आकाश में चाँद, तारे, सूरज व बादल दिखाई देते हैं।

**कल्पना की उड़ान**

- **आप उड़ते पक्षियों, वायुयान को देखकर क्या-क्या सोचते हैं? बताइए।**
  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **रेखा खींचकर जंतुओं को उनके घर तक पहुँचाइए-**



**खोजिए**

- **इंटरनेट की सहायता से अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के विषय में जानकारी प्राप्त कीजिए।**
  राकेश शर्मा भारत के प्रथम और विश्व के 138 वे अंतरिक्ष यात्री थे। उनका जन्म 13 जनवरी, 1949 को पंजाब के पटियाला शहर में हुआ था। उनके पिता का नाम देवेंद्र शर्मा तथा माता का नाम तृप्ता शर्मा था। राकेश शर्मा बचपन से ही विज्ञान में काफी रुचि रखते थे। बिगड़ी चीजों को बनाना और इलेक्ट्रॉनिक चीजों पर बारीकी से नजर रखना उनकी आदत थी। उन्होंने हैदराबाद के अस्मानिया यूनिवर्सिटी से स्नातक की शिक्षा ग्रहण की। जब बड़े हुए तो आसमान में उड़ते हवाई जहाज को तब तक देखा करते थे। जब तक उनकी आँखों से ओझल न हो जाए।

## 5. चाँद का कुरता ( कविता )

**अभ्यास-माला**

**पाठ-ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**( क )   निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. चंद्रमा का आकार गोल है।

2. चाँद ने अपनी माँ से कुरता सिलाने को कहा।

**लिखित प्रश्न**

**( ख )   कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

**उत्तर–** हठ कर **बैठा चाँद एक दिन**
**माता से यों** बोला
सिलवा दे **माँ मुझे ऊन का**
**मोटा एक** झिंगोला!

**( ग )   सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (b) माँ से    2. (a) ठंड लगने की
3. (d) उपग्रह    4. (d) रामधारी सिंह 'दिनकर'

**( घ )   निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. चाँद माँ से ऊन का एक मोटा झिंगोला (ढीला-ढाला कुरता) सिलवाने का हठ कर रहा है।

2. माँ चाँद को यह कहकर समझाती है कि तेरा आकार रोज घटता और बढ़ता है। अत: तेरे लिए झिंगोले का नाप लेना और सिलवाना संभव नहीं है।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क )   व्याकरण की दृष्टि से ये शब्द क्या हैं? बताइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चाँद | **संज्ञा** | चलती | **क्रिया** | रोज | **क्रियाविशेषण** |
| बड़ा | **विशेषण** | मुझे | **सर्वनाम** | झिंगोला | **संज्ञा** |
| मोटा | **विशेषण** | और | **समुच्चयबोधक** | | |

**( ख )   कविता में से समान तुक ( एक जैसी ध्वनि ) वाले शब्द ढूँढ़कर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बोला | **झिंगोला** | मोटा | **छोटा** |
| मरता | **करता** | डरती | **करती** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **इस कविता को पढ़कर अगर आप चाँद से कुछ कहना चाहें, तो भला क्या कहेंगे? कम-से-कम चार पंक्तियों में लिखिए।**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **क्या वास्तव में चाँद का कुरता बन सकता है? सोचकर बताइए।**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **कविता को याद करके कक्षा में सुनाइए–**

  स्वयं कीजिए।

# 6. सच्ची सेवा ( प्रेरक-प्रसंग )

## अभ्यासें-माला

## पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. गांधी जी ने मानव जाति की सेवा के लिए अथक प्रयास किए।

2. गांधी जी ने जो व्यक्ति स्वयं के विषय में सोचते हैं, उन्हें स्वार्थी कहा है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. एक बार महात्मा गांधी **रेलगाड़ी** में यात्रा कर रहे थे।

2. गांधी जी ने **मानव-जाति** की सेवा के लिए अथक प्रयास किए।

3. गांधी जी ने स्वयं के विषय में सोचने वालों को **स्वार्थी** कहा है।

4. **मानव-सेवा** ही सच्ची सेवा है।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (b) गार्ड　　2. (c) स्वार्थ से परे था

3. (a) गार्ड को　　4. (d) मानव-सेवा

**( घ ) किसने कहा?**

**उत्तर-** 1. गार्ड ने　　2. गार्ड ने　　3. महात्मा गांधी ने

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. गांधी जी वाले डिब्बे में पानी टपक रहा था और नीचे इकट्ठा हो रहा था।

2. गार्ड हाथ जोड़कर गांधी जी से कहने लगा कि इस डिब्बे को छोड़कर उसके साथ दूसरे डिब्बे में चलें क्योंकि उस डिब्बे में पानी जमा हो रहा था।

3. गार्ड की बात सुनकर गांधी जी ने उत्तर दिया कि अगर वह उस डिब्बे में दूसरों को बैठाने वाले हैं, तो फिर वह (गांधी जी) ही क्यों न उस डिब्बे में बैठे रहे। क्योंकि दूसरों को भी तो उस डिब्बे में तकलीफ होगी।

4. गांधी जी ने गार्ड को सभी यात्रियों को बेवजह परेशान न करने और उनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा।

5. गांधी के अनुसार मानव-सेवा ही सच्ची सेवा है।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पास | **दूर** | बड़ी | **छोटी** | उत्तर | **प्रश्न** |
| सुविधा | **असुविधा** | विशेष | **सामान्य** | सच्ची | **झूठी** |

**( ख ) शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पास | **समीप** | अगर | **यदि** | स्वार्थी | **मतलबी** |
| यात्री | **मुसाफिर** | तकलीफ | **दुख** | जीवन | **जिंदगी** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **अपनी अभ्यास-पुस्तिका में ऐसे वाहनों के चित्र चिपकाइए जिनसे आप यात्रा कर चुके हैं।**

  स्वयं कीजिए।


**कल्पना की उड़ान**

- **बच्चों, जब हम सड़क पर चलते हैं तो कई संकेत-चिह्न हमें दिखते हैं जो हमें सावधानी से चलने का निर्देश देते हैं। अगले पृष्ठ पर कुछ चिह्न बताए गए हैं। उन पर '✓' लगाइए-**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **बच्चा अपने विद्यालय का रास्ता भूल गया है। उसे उसके विद्यालय तक पहुँचाइए-**




# 7. बया का घर ( कहानी )

## अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. बंदर को एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलाँगें लगाकर भागने में बड़ा मज़ा आता था।

2. आसमान में बादल छा जाने पर ठंडी-ठंडी हवाएँ चलने लगीं।

3. बया जोर-जोर से रोने लगी क्योंकि बंदर ने बारिश में उसका घोंसला तोड़ दिया था।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. धीरे-धीरे मौसम बदला और **बरसात** आ गई।

2. **बंदर** बुरी तरह भीग गया था।

3. बंदर गुस्से में लाल-लाल **आँखें** करके बया की ओर देखने लगा।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (b) शरारती     2. (d) पक्षी

3. (a) बंदर     4. (c) बया ने

**( घ ) किसने कहा?**

**उत्तर–** 1. किसी जानवर ने 2. बया ने 3. बंदर ने

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. पक्षी बंदर को देखकर कलपते थे, क्योंकि उन्हें यह डर था कि कहीं यह शरारती बंदर उनके घोंसलों को ही न गिरा दे।

2. बंदर को काँपता देख बया ने उससे कहा, कि ''मैंने तुम्हें कितनी बार समझाया कि अपना सारा समय शरारतों में नष्ट मत करो। कुछ आगे का भी सोचो। अगर तुमने मेरी तरह अपना कोई ठिकाना बना लिया होता और बरसात के लिए खाने का इंतजाम पहले ही कर लिया होता तो आज यह हालत क्यों होती।''

3. बंदर ने गुस्से में आकर बया का घोंसला तोड़ डाला।

4. सभी चिड़ियों ने एक–दूसरे से कहा, ''आगे से हम कभी इस शरारती बंदर के मुँह नहीं लगेंगे, इसने कुछ सीखा तो नहीं, उलटे बया का घर ही तोड़ दिया। ऐसे उत्पाती से तो बचकर रहना ही अच्छा है।''

**व्याकरण–ज्ञान**

**( क ) शब्दों के अर्थ लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चंचल | **अस्थिर** | इलाज | **उपचार** |
| सुंदर | **खुबसूरत** | इंतजाम | **बंदोबस्त** |

**( ख ) विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुख | **दुःख** | तोड़ना | **जोड़ना** |
| मूर्ख | **बुद्धिमान** | सरदी | **गरमी** |

## विषय–संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरिए–**

**उत्तर–** हमें **प्रेम** से रहना चाहिए। दूसरों की **मदद** करने में ही भलाई है। अगर कोई गलती करे तो उसे **प्यार** से समझाना चाहिए। आज से हम सब जानवर एक **परिवार** की तरह **मिल–जुलकर** रहेंगे।

**कल्पना की उड़ान**

- **यदि बया बंदर को सलाह न देती, तो क्या होता? सोचकर बताइए।**

  यदि बया बंदर को सलाह न देती तो बंदर बया का घोंसला न तोड़ता। बया के दाने नीचे न गिरते। बया व उसके बच्चे बारिश में न भीगते।

**खेलकर सीखें**

- **नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं। उनके सामने चेहरा बनाइए।**

  स्वयं कीजिए।

**खोजिए**

- **बंदर बहुत शरारती व नटखट होता है। आपने भी बहुत शरारतें की होंगी। उनमें से किसी एक शरारत के विषय में अपने मित्रों को बताइए।**

  स्वयं कीजिए।

# 8. वह बर्फ़ीली यात्रा ( अनोखा साहसिक अभियान )

## अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. संगीता की आयु सात वर्ष थी।

2. रोहतांग दर्रे में संगीता व रूपेंद्र रोज खेला करते थे।

3. संगीता और रूपेंद्र दोनों रोहतांग दर्रे पर अपनी वीरता व बहादूरी से गए थे इसलिए वे जनता के लाड़ले व दुलारे हो गए।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. **संगीता** की निराशा बड़ा भाई रूपेंद्र समझे बिना न रह पाया।

2. प्रकृति के तूफानी थपेड़ों से टकराते हुए दोनों नन्हे **पर्वतारोही** अपनी अनोखी यात्रा पर बढ़ते रहे।

3. देखते-ही-देखते वे बच्चे **जनता** के लाड़ले और दुलारे हो गए।

4. उन्हें **वीरता** का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (b) रूपेंद्र    2. (d) कुल्लू में

3. (b) तेरह हज़ार फुट से    4. (a) वीरता का पुरस्कार

**( घ ) वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखिए-**

**उत्तर-** 1. गलत    2. सही    3. सही    4. गलत

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. बड़े-बड़े साहसी और सूरमा रोहतांग दर्रे पर जाने से घबराते थे।

2. संगीता और रूपेंद्र के लिए रोहतांग दर्रा घर जैसा ही था।

3. संगीता और रूपेंद्र को उनके साहस और दिलेरी के लिए वीरता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए-**

**उत्तर-** 1. वह    2. वे    3. उसको    4. तुम

**( ख ) विशेषण शब्दों पर गोला (◯) बनाइए-**

**उत्तर-** 1. (छोटे) बच्चे भी चाहें तो क्या नहीं कर सकते!

2. फिर वह (अनोखी) यात्रा शुरू हुई।

3. वहाँ (बर्फ़ीली) आँधियाँ चलती थीं।

4. आज (ठंडी) हवा चल रही है।

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **हमें कठिन परिस्थितियों में हिम्मत व बहादुरी से कार्य क्यों करना चाहिए? अपनी कक्षा में इस विषय पर चर्चा कीजिए।**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **यदि संगीता व रूपेंद्र अपनी पर्वतारोहण की यात्रा में डर जाते, तो क्या होता? सोचकर बताइए।**

**उत्तर-** यदि संगीता व रूपेंद्र अपनी पर्वतारोहण की यात्रा में डर जाते तो वे कभी-भी रोहतांग दर्रे तक न पहुँच पाते और उनकी ख्वाहिश मन में ही रह जाती।

**खेलकर सीखें**

- **पर्वत के चित्र में रंग भरिए-**

  स्वयं कीजिए।

# 9. सच्चा मित्र ( पत्र )

## अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. शीतल हवा पेड़-पौधों के हिलने से मिलती है।

2. हमारे मन को ताज़गी शीतल हवा में साँस लेने से प्राप्त होती है।

3. वृक्ष हमारी रहने, खाने-पीने, पहनने-ओढ़ने आदि जरूरतों को पूरा करते हैं।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. मुलायम हरी घास **कालीन** की तरह लगती है।

2. **आदमी** ने आम उठाए और खाता हुआ वहाँ से चल दिया।

3. यदि कोई आपसे झगड़ा करना चाहता है, तो भी आप उससे **दोस्ती** का व्यवहार करें।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (a) दोस्ती का 2. (c) पेड़-पौधे

3. (d) (a) व (b) दोनों 4. (d) पेड़-पौधे

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. यह पत्र पेड़-पौधों ने लिखा है।

2. पेड़-पौधों से हमें फल-फूल, अनाज, दालें-सब्जियाँ, औषधियाँ, काष्ठ, ईंधन, रबड़ आदि प्राप्त होते हैं। इनके अलावा जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी हमें पेड़-पौधे से ही प्राप्त होती है।

3. पेड़-पौधे हमें खाने-पीने व दैनिक उपयोग की वस्तुएँ प्रदान करके; हमें छाया प्रदान करके, शुद्ध वायु व ऑक्सीजन देकर हमारा जीवन सुखी व धनी बनाते हैं।
4. पेड़-पौधे मनुष्य को भोजन के लिए फल, सब्जी, अनाज, दाल आदि प्रदान करते हैं, दैनिक उपयोग की अनेक वस्तुएँ उपलब्ध कराते हैं तथा वायु शुद्ध करके ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इस प्रकार पेड़-पौधे मनुष्य के सच्चे मित्र हैं।

**व्याकरण-ज्ञान**

- **नीचे दिए गए शब्दों के समान अर्थवाले दो-दो शब्द चुनकर लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आदमी | **मनुष्य** | **इंसान** | यात्री | **मुसाफिर** | **राही** |
| प्रसन्नता | **खुशी** | **हर्ष** | आकाश | **अंबर** | **गगन** |

**विषय-संवर्धन गतिविधियाँ**

- **'फल' शब्द का प्रयोग दो अलग-अलग अर्थों में कीजिए।**

**उत्तर-**

| | |
|---|---|
| फल **(खाने वाला फल)** | फल **(नतीजा)** |
| यह फल तो बहुत मीठा है। | अच्छे कार्य का फल अच्छा ही होता है। |

**कल्पना की उड़ान**

- **हमें वृक्ष क्यों लगाने चाहिए? सोचकर बताइए।**

**उत्तर-** हमें वृक्ष इसलिए लगाने चाहिए, क्योंकि वृक्ष हमारे लिए बहुत लाभदायक होते हैं। यदि हम वृक्ष नहीं लगाएँगे तो हमारा जीवन संभव नहीं है।

1. वृक्षों से हमें ऑक्सीजन मिलती है।
2. वृक्ष वर्षा करवाने में सहायक होते हैं।
3. हमें खाने के लिए फल व सब्जियाँ भी वृक्षों से ही मिलती है।
4. वृक्षों की लड़की ईंधन व फर्नीचर के काम आती है।

**खेलकर सीखें**

- **नीचे दी गई वर्ग-पहेली में 12 पेड़ों के नाम हैं, उन्हें ढूँढ़कर नीचे लिखिए-**

**उत्तर-**

चंदन
ताड़
बबूल
आँवला
नीम
पीपल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चं | अ | शो | क | ता | पी |
| द | ची | ड़ | दं | ड़ | प |
| न | नी | म | ब | बू | ल |
| दे | व | दा | र | तु | ख |
| आँ | व | ला | ग | ल | जू |
| म | ह | वा | द | सी | र |

अशोक
चीड़
देवदार
तुलसी
खजूर
बरगद

# 10. तो क्या होता? (कविता)

**अभ्यास-माला**

**पाठ-ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. दुनिया का अँधियारा सूरज दूर करता है।

2. नदियों और तालाबों से हमें निर्मल पानी मिलता है।

3. दुनिया सूरज, चाँद, तारों, पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, नदियों आदि से प्यारी लगती है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-**

**उत्तर-** अगर नहीं **होते इतने पशु,**
**पक्षी कही** न गाते।
तो हम **कैसे इस दुनिया में,**
**अपना मन** बहलाते?

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (a) सूरज के 2. (b) आसमान में
3. (d) रंग-बिरंगे 4. (c) श्री प्रसाद

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. नदी, तालाब और झरने में पानी समान है।
2. यदि सूरज न होता तो सारे संसार में अँधेरा होता और कोई भी जीव-जंतु या पेड़-पौधा नहीं होता।
3. कलियों के चटकने पर फूल खिलते हैं।
4. प्रकृति में उपस्थित प्रत्येक सजीव अथवा निर्जीव वस्तु के कारण दुनिया इतनी प्यारी लगती है।

**व्याकरण-ज्ञान**

- **पढ़िए और समझिए-**

  स्वयं कीजिए।

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **क्या आप हवाई जहाज़ द्वारा चाँद पर पहुँच सकते हैं? यदि हाँ तो क्यों; यदि नहीं तो क्यों नहीं?**

  हवाई जहाज ईंधन के जलने से इंजन में आवश्यक ऊर्जा पैदा करता है। और ईंधन ऑक्सीजन की मदद से जलाया जाता है और ऑक्सीजन केवल हमारे वायुमंडल में ही उपलब्ध होती है अंतरिक्ष में नहीं, इसलिए इंजन नहीं चलेंगे। हवाई जहाज भारी और बड़े पंखों को हवा के दबाव का उपयोग करके अपने आप को ऊपर उठाने के लिए इस्तेमाल करता है। यदि अंतरिक्ष में हवा नहीं हैं, तो विमान ऊपर नहीं जा सकता।

**कल्पना की उड़ान**

- **सूरज निकलने पर हमारे चारों ओर क्या-क्या होता है? सोचिए और दो पंक्तियों में लिखिए।**

**उत्तर-** 1. सूरज निकलने पर चारों ओर प्रकाश हो जाता है।

2. सूरज निकलने पर पक्षी चहचहाते हैं, सभी अपने कार्य में लग जाते हैं और दिन की शुरूआत करते हैं।

**खेलकर सीखें**

- **दिए गए स्थान पर निर्देशानुसार चाँद के चित्र बनाइए–**

  स्वयं कीजिए।

# 11. स्वस्थ कौन? ( एकांकी )

## अभ्यास–माला

### पाठ–ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. पापा बच्चों से प्रश्न पूछते हैं कि स्वस्थ व्यक्ति कौन है?

2. स्वस्थ रहने के लिए मेहनत करके भोजन खाने व व्यायाम करने के अतिरिक्त दिमागी तौर से सावधान रहना और सभी के साथ हँस–बोलकर काम करना जरूरी है।

3. खेलकूद से हमारा मनोरंजन भी होता है और शरीर भी लचीला बनता है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. जो हरी सब्ज़ियाँ, फल, दूध, अंडा खाए वही **स्वस्थ** है।

2. काम करने से भूख भी लगती है और **नींद** अच्छी आती है।

3. मामा जी सुबह–शाम **तैराकी** के लिए जाते हैं।

4. **खेलकूद** से हमारा मनोरंजन भी होता है और शरीर भी लचीला बनता है।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (d) साक्षी को        2. (a) हृष्ट–पुष्ट

3. (b) नाना–नानी        4. (c) निरोगी काया

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. शुद्ध हवा में रहने से फेफड़े स्वस्थ रहते हैं तथा शुद्ध पानी पीने से जलजनित रोग नहीं होते तथा पाचन क्रिया स्वस्थ रहती है। इससे शरीर पूरी तरह स्वस्थ रहता है।

2. साक्षी के अनुसार जो हरी सब्जियाँ, फल, दूध, अंडा, चॉकलेट खाता है, वही स्वस्थ है।

3. मामा जी स्वस्थ रहने के लिए सुबह–शाम तैराकी करते थे।

4. पिताजी के अनुसार जो साफ–सुथरे वातावरण में मेहनत करके पौष्टिक भोजन करता है, व्यायाम करता है, वही स्वस्थ है।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) 'वि' अक्षर लगाकर नए शब्द बनाइए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर-** वि + ज्ञान | = **विज्ञान** | वि + देशी | = **विभिन्न** |
| वि + भिन्न | = **विभिन्न** | वि + शेष | = **विशेष** |

**( ख ) वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-**

**उत्तर-** 1. मोहन ने झूठ कहा था। 2. मैं अंग्रेजी बोल सकता हूँ।
3. वे आए हैं। 4. आप कहिए।

**( ग ) 'अ' वर्ण लगाने से उलटे शब्द बन जाते हैं। आप भी कुछ नए उलटे शब्द बनाइए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर-** अ + खाद्य | = **अखाद्य** | अ + प्राप्य | = **अप्राप्य** |
| अ + स्वस्थ | = **अस्वस्थ** | अ + भेद्य | = **अभेद्य** |
| अ + शुद्ध | = **अशुद्ध** | अ + शांत | = **अशांत** |

**विषय-संवर्धन गतिविधियाँ**

- **खाली स्थान पर एक परिचयोक्ति ( स्लोगन ) लिखिए; जैसे 'स्वस्थ हो तन तो खुश हो मन'**

**उत्तर-** 'अच्छे स्वास्थ्य के लिए करना होगा काम, ताकि बाद में चैन से कर सको आराम'।

**कल्पना की उड़ान**

- **यदि शहर का वातावरण प्रदूषण मुक्त हो जाए, तो लोगों के जीवन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? बताइए।**

**उत्तर-** प्रदूषण मुक्त वातावरण मिलने से हम सुखी जीवन जी सकते हैं।

1. प्रदूषण मुक्त वातावरण मिलने पर कोहरा नहीं होगा।
2. ऑक्सीजन शुद्ध प्राप्त होगी। साँस लेने में समस्या नहीं होगी।
3. हृदय-रोग, फेफड़ों व श्वसन जैसी बीमारियों से राहत मिलेगी।
4. रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छे स्तर पर बनी रहेगी।
5. पीने का पानी भी शुद्ध रहेगा।

**खेलकर सीखें**

- **क्या आप जानते हैं कि पौष्टिक आहार किसे कहते हैं? आपने ताश के पत्ते तो देखे ही होंगे। उन्हीं की तरह दस पत्ते बनाइए। प्रत्येक पत्ते पर पौष्टिक आहार के चित्र चिपकाइए।**

  स्वयं कीजिए।

# 12. सुनो मेरी कहानी ( आत्मकथा )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर–** 1. हाँ, वायुयान भी पहिये से चलता है।
2. ग्रह सूर्य के चक्कर काटते रहते हैं।
3. पहिये ने उसकी खोज करने वाले आदमी को बुद्धिमान कहा।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. **पहिया** रुक जाएगा तो सब-कुछ रुक जाएगा।
2. पृथ्वी की तरह दूसरे छोटे-बड़े **ग्रह** भी गोल हैं।
3. पहले **मनुष्य** अपना सामान स्वयं ढोता था।
4. मनुष्य उन गाड़ियों में बैठकर **यात्रा** करने लगा।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (d) गोल 2. (b) पहिये का 3. (a) ग्रह 4. (b) गोल

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. चक्की और चाक पहिये का ही रूप हैं और वे पहिये की तरह ही गोल-गोल घूमकर चलते हैं।
2. गोल पहिया आसानी से घूमकर तीव्र गति से चलता है। अत: मनुष्य ने पहिये को गोल बनाया है।
3. पहिया बनाने से मनुष्य को वाहनों द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने में व मशीनों से लगभग सभी कार्य करने में सुविधा हो गई।
4. पहिये का यह कथन 'मैं रुक जाऊँ तो संसार रुक जाएगा।' उचित है, क्योंकि पहिए के रुकने से संसार के सभी वाहन व मशीन काम करना बंद कर देंगी जिससे सभी काम रुक जाएँगे।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) सही शीर्षक के सामने लिखिए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** (क) पुल्लिंग | **डोसा** | **केला** | **भारत** | **वानर** |
| (ख) स्त्रीलिंग | **इडली** | **नाशपाती** | **चटनी** | **चिड़िया** |

**( ख ) शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** पहिया | **पहिये** | रेलगाड़ी | **रेलगाड़ियाँ** | कार | **कारें** |
| मशीन | **मशीनें** | वस्तु | **वस्तुएँ** | टुकड़ा | **टुकड़ें** |

**( ग ) वर्तनी शुद्ध कीजिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** टरेकटर | **ट्रैक्टर** | सनसार | **संसार** | बेलगाड़ि | **बैलगाड़ी** |
| टराली | **ट्रॉली** | सकूटर | **स्कूटर** | अनतरिक्श | **अंतरिक्ष** |
| पहीया | **पहिया** | किरया | **किराया** | | |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **जल, थल व वायु में चलने वाले वाहनों के नामों की सूची बनाइए।**

**उत्तर–** **वायु परिवहन** – हवाई जहाज तथा हेलीकॉप्टर
**जल परिवहन** – नाव और पानी का जहाज
**थल परिवहन** – बस, रेलगाड़ी, स्कूटर, बैलगाड़ी आदि हैं।

**कल्पना की उड़ान**

- **दो टोलियाँ बनाइए। पहली टोली के बच्चे किसी भी वाहन का नाम बोलेंगे। जिस अक्षर से वाहन का नाम खत्म होगा, दूसरी टोली के बच्चे उसी अक्षर से किसी दूसरे वाहन का नाम बोलेंगे।**
  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **पहिये का चित्र बनाइए और उसमें रंग भरिए–**
  स्वयं कीजिए।

# 13. चलना ही ज़िंदगी है ( प्रेरक–प्रसंग )

**अभ्यास–माला**

**पाठ–ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. बड़ी सूई ने छोटी सूई को सुझाव दिया कि क्यों न हम तुम भी चलना बंद कर दे।
2. बक्से में टूटी–फूटी चीज़ें पड़ी थीं।
3. बक्सा बंद होते ही छोटी सूई घबराकर बोली यह हम कहाँ आ गए यहाँ तो बहुत अँधेरा है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. राजू गहरी **नींद** में सोया हुआ था।
2. **राजू के पिता** घड़ी को घड़ीसाज के पास ले गए।
3. बक्से में कई टूटी–फूटी **चीजें** पड़ी थीं।
4. पास ही **गुलदस्ते** में ताजे फूल सजे होते थे।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (d) घड़ी को 2. (a) सो रहा
3. (a) बक्से में 4. (d) (a) व (b) दोनों

**( घ ) किसने कहा?**

**उत्तर–** 1. घड़ी की बड़ी सूई ने
2. घड़ीसाज ने
3. घड़ी की बड़ी सूई ने

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. राजू की आँख खुली तो वह कमरे में फैली धूप को देखकर चौंक उठा।

2. घड़ीसाज ने राजू के पिता जी से कहा कि घड़ी में कोई खराबी नजर नहीं आ रही है शायद यह बहुत पुरानी हो गई है इसलिए अब इसे आराम करने देना चाहिए।

3. राजू के पिता जी पहले घड़ी को घड़ीसाज के पास ले गए, फिर वहाँ से लाकर स्टोर में रखे बक्से में डालकर बक्सा बंद कर दिया।

4. अंत में घड़ी की सूइयों को यह समझ में आ गया कि काम करते रहना ही जिंदगी है और निक्कमों व आलसियों का इस दुनिया में कोई काम नहीं है।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) वचन बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूई | **सूइयाँ** | घड़ी | **घड़ियाँ** | चटाई | **चटाइयाँ** |
| चढ़ाई | **चढ़ाइयाँ** | रजाई | **रजाइयाँ** | दवाई | **दवाइयाँ** |

**( ख ) वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए–**

**उत्तर–** 1. घ् + अ + ड़् + ई **घड़ी** 2. घ् + ओ + ड़् + ए **घोड़े**

3. स् + ऊ + ई **सूई** 4. र् + आ + ज् + ऊ **राजू**

**( ग ) शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–**

**टूटी-फूटी** बक्से में **टूटी-फूटी** चीजें पड़ी थीं।

**छोटा-बड़ा** स्टोर में **छोटा-बड़ा** खराब सामान भरा था।

**हरा-भरा** बसंत ऋतु में **हरा-भरा** बगीचा सुहावना लगता है।

**विषय-संवर्धन गतिविधियाँ**

**आइए, कुछ करें**

- **कागज़ और गत्ते की घड़ी बनाइए।**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**


- **घड़ी की सूइयों की तरह एक ही काम करते-करते जब तुम ऊब जाते हो, तो क्या करते हो?**

**उत्तर–** हम आराम करते हैं और मनोरंजन करते हैं।


**खेलकर सीखें**

- **इन घड़ियों में कितने बजे हैं? समय लिखिए–**

**उत्तर–**



5 : 00



7 : 45

## 14. नन्हीं बूँदें ( कविता )

**अभ्यास-माला**

**पाठ-ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**( क )  निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. पेड़ों को हरियाली नन्हीं-नन्हीं बूँदें देती हैं।

2. बूँदें जिस प्राणी को छू लेती है, उसे ही नया जीवन प्रदान करती हैं।

**लिखित प्रश्न**

**( ख )  कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-**

**उत्तर-** काले-काले **बादल की**
हम नन्हीं-नन्हीं **बूँदें** हैं।
शीतल जल की, **मीठे जल की**
नन्हीं-नन्हीं **बूँदें** हैं।

**( ग )  सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (a) बादलों में   2. (d) शीतल

3. (d) बादलों के   4. (a) हरियाली

**( घ )  निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. बूँदें नन्हीं और शीतल, मीठे जल की हैं।

2. बूँदें फूल-पत्तियों और पेड़-पौधों को नव जीवन देती हैं, नदी, नालों, तालाबों और सागरों को जल से भर देती हैं तथा वातावरण की गरमी को ठंडा कर देती हैं।

3. छोटी हैं पर काम बड़े हैं,
बूँद-बूँद से सागर भरतीं।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क )  विलोम शब्द लिखिए-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर-** | बैठना | **उठना** | बड़े | **छोटे** | फूल | **काँटा** |
| | शीतल | **उष्ण** | खुशी | **दुःख** | मीठा | **कड़वा** |

**( ख )  शब्दों के तुकांत शब्द लिखिए-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर-** | बैठ | **पैठ** | आतीं | **जाती** | बादल | **आँचल** |
| | गाकर | **आकर** | बूँद | **मूँद** | जाता | **आता** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **बारिश पर कविता की चार पंक्तियाँ लिखिए-**

**उत्तर-** बारिश आई, बारिश आई
गरमी भागी बारिश आई
सबके दिल में मस्ती छाई
रिमझिम रिमझिम बारिश आई।

**कल्पना की उड़ान**

- **वर्षा होने पर आपको कैसा लगता है? तब आप क्या करना चाहते हैं? बताइए।**

**उत्तर—** हम गरमी में वर्षा होने पर वर्षा में नहाना चाहते हैं, वर्षा के जल में कागज की नाव

चलाना चाहते हैं और पकौड़ियाँ खाना चाहते हैं।

**खेलकर सीखें**

- **दिए गए चित्र में रंग भरिए–**
  स्वयं कीजिए।

# 15. घमंडी हाथी ( कहानी )

## अभ्यास-माला

## पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. हाथी नदी के तट पर पानी पीने गया।

2. हाथी ने गुस्से में एक पेड़ उखाड़कर फेंक दिया।
3. हाथी ने कहा, ''चींटी रानी मैं कभी अपनी शक्ति पर घमंड नहीं करूँगा। तुम मुझे क्षमा करो।''

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. किसी **जंगल** में एक **हाथी** रहता था।

2. भेड़िया **हाथी** से डर गया।
3. शेर ने भी **हार** मान ली।
4. हाथी **सिर झुकाए** जंगल में चला गया।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (b) अपनी परछाईं 2. (b) राजा

3. (a) शेर को 4. (d) चींटी ने

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. हाथी अपनी परछाईं देखकर सोचने लगा कि जंगल में कोई भी पशु उससे बड़ा नहीं है इसलिए उसके मन में जंगल का राजा बनने का विचार आया।

2. हाथी ने भेड़िये, भालू, चीते और शेर पर विजय प्राप्त की।
3. चींटी ने हाथी को सबक सिखाया कि बहुत छोटा प्राणी भी विशाल व शक्तिशाली प्राणी को हानि पहुँचा सकता है। चींटी ने हाथी की सूँड़ में घुसकर जोर से काट लिया जिससे वह दर्द से तड़प उठा और वह बोला कि आगे से कभी अपनी शक्ति पर घमंड नहीं करेगा।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** 1. जंगली 2. दूरदर्शी 3. आलोचक

**( ख ) शब्दों के सामने पुल्लिंग या स्त्रीलिंग लिखिए–**

**उत्तर–** चुहिया **स्त्रीलिंग** बाघ **पुल्लिग**

चींटी **स्त्रीलिंग** हाथी **पुल्लिंग**

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **घमंड से संबंधित कोई अन्य कहानी ढूँढ़कर लिखिए।**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **क्या हमें घमंड करना चाहिए? यदि नहीं, तो क्यों? बताइए।**

  व्यक्ति हो या देवता कभीं भी अपने आप पर अहंकार नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह क्षण भंगुर होता है। इससे न केवल शारीरिक क्षमता कमजोर होती है, बल्कि बुद्धि का विकास भी कम होता है।


**खेलकर सीखें**

- **ऐसे कई प्राणी हैं जो विलुप्त हो रहे हैं। नीचे उनके नाम उलट-पुलट कर दिए गए हैं। उन्हें पहचानिए और ठीक से लिखिए। यह भी बताइए कि इनके संरक्षण के लिए हम क्या-क्या कर सकते हैं**

**उत्तर–** ता ची डा पाँ डा गैं हे ल ठ गु जै आ र


**ची ता** **पाँ डा** **गैं डा** **ठ हे ल** **जै** गु **आ र**






ध्रु य वी लू भा र बा सिं ह गा

**ध्रु वी य भा लू** **बा** र **ह सिं गा**




विलुप्त हो रहे प्राणियों के संरक्षण के निम्नलिखित उपाय हैं—

1. वनों के कटाव रोकना।
2. अधिक-से-अधिक पेड़-पौधे लगाना।
3. जल का उपयोग कम करना।
4. ईंधन का कम उपयोग करना।

# 1. महान भारत ( कविता )

## अभ्यास-माला

## पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. भारत देश वीर महापुरुषों की जन्मभूमि है।
2. धरती पर वरदान भारत देश को कहा गया है।
3. भारत देश पर अंग्रेजों का शासन था।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए**

**उत्तर-** 1. **गौतम-गांधी** ने **सत्य-**अहिंसा
का **पाठ पढ़ाया** है
**रक्षा-**खातिर **खड्ग** उठाना,
**गुरु गोविंद सिंह ने** सिखाया है।

2. माँ शक्ति **बनकर जो आई,**
थी वह **रानी लक्ष्मीबाई**
एक नहीं, **अनेक लड़ी** जंग।
**आजादी के कई** हैं रंग।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (c) गौतम-गांधी ने
2. (d) उपर्युक्त सभी
3. (a) लक्ष्मीबाई ने
4. (b) जंग का

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. भारत देश वीर महापुरुषों की जन्मभूमि है, इसलिए यह महान है।
2. कविता में आए उन वीरों के नाम है, अमर शहीद, राजगुरु, सुखदेव व भगतसिंह देश के लिए कुर्बान हुए हैं।
3. सत्य-अहिंसा गांधी जी के जीवन के उदाहरण हैं।
4. जो देश के लिए कुर्बान हुए हैं वे लोग अभी भी जीवंत हैं।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर-** | सत्य | **असत्य** | जंग | **शांति** | गरीब | **अमीर** |
| | अंत | **आरंभ** | अहिंसा | **हिंसा** | वीर | **कायर** |

**( ख ) शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर-** | कबान | **कुर्बान** | जीवत | **जीवंत** | गातम | **गौतम** |
| | अहसा | **अहिंसा** | लक्ष्मबाइ | **लक्ष्मीबाई** | गोविद | **गोविंद** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **महात्मा गांधी जी कौन थे? उनके विषय में अपने सहपाठियों से चर्चा कीजिए।**
स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **भारत-देश का मस्तक ऊँचा करने के लिए आप क्या-क्या करेंगे? चार या पाँच वाक्य लिखिए।**

  बच्चे देश का मस्तक ऊँचा करने के लिए हिम्मत, ताकत और बलिदान से अपना कर्तव्य करेंगे। सच्चाई के मार्ग पर अडिग रहेंगे। देश के खातिर अपने प्राणों को भी न्यौछावर करेंगें। अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहेंगे।

**खेलकर सीखें**

- **निम्नलिखित नामों के अनुसार चित्र चिपकाइए-**

  स्वयं कीजिए।

# 2. महान आत्मा कौन? ( कहानी )

**अभ्यास-माला**

**पाठ-ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. जो व्यक्ति अपने बारे में न सोचकर दूसरों के कल्याण के विषय में सोचता है, वही व्यक्ति महान होता है।

2. बुढ़िया द्वारा पौधा लगाया जाना उसकी महानता को स्पष्ट करता है।

3. हाँ, हम कन्फ्यूशियस की बातों से सहमत हैं क्योंकि उन्होंने महान व्यक्ति के विषय में सही कहा है जो अपने हित के विषय में न सोचकर परोपकार के कार्यों में लगे रहते हैं।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. मेरी सेना में बहुत-से **वीर-योद्धा** हैं।

2. उनकी सुंदर **कविताएँ** हृदय को **आनंद** से भर देती हैं।

3. वृद्धा तब तक **पौधा** रोप चुकी थी।

4. मेरे बाद अगली **पीढ़ी** इन पेड़ों के **फल** खाएगी।

5. आपने मुझे **महान आत्मा** के दर्शन करा दिए।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (a) राजा　　2. (c) जिसकी आत्मा महान हो

3. (d) महान संत　　4. (a) फलों का

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. चीन का सम्राट संत कन्फ्यूशियस के पास महान व्यक्ति की तलाश के लिए आया था।

2. विदूषक, भारतीयों नाटकों में एक हँसने वाला पात्र होता है। मंच पर उसके आने मात्र से ही माहौल हास्यास्पद बन जाता है।

3. कन्फ्यूशियस के शिष्य ने सम्राट से कहा कि आप कैसी बात कर रहे हैं, आप तो इस समय एक महान आत्मा के सामने खड़े हैं। कन्फ्यूशियस से बढ़कर कोई और महान आत्मा क्या हो सकती है।
4. कन्फ्यूशियस सम्राट को एक बूढ़ी औरत के पास ले गए।
5. बुढ़िया ने कन्फ्यूशियस को उत्तर देते हुए कहा कि अगर सब केवल अपने लाभ के बारे में ही सोचेंगे तो यह दुनिया कैसे चलेगी।
6. जो व्यक्ति अपने बारे में न सोचकर दूसरों के कल्याण के विषय में सोचता है और परोपकार के कार्यों में लगा रहता है। वही आत्मा महान है।

**व्याकरण-ज्ञान**

**(क) निम्नलिखित वाक्यों के क्रिया-शब्द रेखांकित करके उनका काल लिखिए-**

**उत्तर-** 1. भविष्यत् काल 2. वर्तमान काल 3. भविष्यत् काल
4. भूतकाल 5. भूतकाल

**(ख) 'ता' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुंदर + ता | **सुंदरता** | नम्र | **नम्रता** | भव्य | **भव्यता** |
| कुटिल | **कुटिलता** | योग्य | **योग्यता** | लघु | **लघुता** |

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों के खाली स्थानों में उपयुक्त विशेषण लिखिए-**

**उत्तर-** 1. चीन में एक **महान** संत हुए हैं।
2. वे **सुंदर** कविताएँ कहते हैं।
3. एक **बूढ़ी** औरत पौधे रोप रही थी।
4. राजा की सेना में बहुत-से **वीर** योद्धा थे।
5. मेरे बाद **अगली** पीढ़ी इन पेड़ों के फलों को खाएगी।

**(घ) उदाहरणानुसार अन्य जोड़े बनाइए-**

**उत्तर-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| फल-फूल | — | **आज-कल** | **देश-विदेश** |
| दाल-रोटी | — | **दिन-रात** | **हार-जीत** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **चीन के महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस के विषय में और अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए।**

**उत्तर-** कन्फ्यूशियस के दार्शनिक, सामाजिक तथा राजनीतिक विचारों पर आधारित मत को कन्फुशीवाद या कुंगफुत्सीवाद नाम दिया जाता है। कन्फ्यूशियस के मतानुसार भलाई मनुष्य का स्वाभाविक गुण है। मनुष्य को यह स्वाभाविक एवं ईश्वर से प्राप्त हुआ है। अत: इस स्वभाव के अनुसार कार्य करना ईश्वर की इच्छा का आदर करना है और उसके अनुसार कार्य न करना ईश्वर की अवज्ञा करना है।

**कल्पना की उड़ान**

- **यदि सभी लोग एक-एक वृक्ष लगाएँ तो क्या होगा? सोचकर लिखिए।**

**उत्तर–** यदि सभी लोग एक-एक वृक्ष लगाएँगे तो वातावरण हरा-भरा व प्रदुषण मुक्त होगा। शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होगी। बाढ जैसी समस्या नहीं आएंगी/पर्याप्त वर्षा होगी।

**खेलकर सीखें**

- **नीचे दिए खाली स्थानों में देश-विदेश के महान व्यक्तियों के चित्र चिपकाइए-**
  स्वयं कीजिए।

# 3. नारद की वीणा ( प्राचीन कथा )

## अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर–** 1. नारद जी ललचाई आँखों से पान की दुकान ढूँढ़ने लगे।
2. लाला ने नारद से वीणा बेचने को कहा?
3. लाला की मृत्यु पैर फिसलने से हुई।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर–** 1. एक बार नारद जी **पृथ्वी-भ्रमण** पर थे।
2. नारद जी को बनारस के **पान** की प्रसिद्धि का पता शायद **देवलोक** में ही लग गया था।
3. **लाला** का पैर फिसल गया।
4. लाला के प्राण भी नारद जी की तलाश में **देवलोक** को उड़ गए।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर–** 1. (d) काशी
2. (a) तांबूल
3. (b) वीणा
4. (a) पकौड़ी लाल

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर–** 1. नारद जी जब काशी में चौंक बाजार से होकर आगे बढ़ रहे थे, तब उनको पान खाने की इच्छा हुई।
2. लड़के की बात सुनकर नारद जी ने सोचा, ''लो अच्छा हुआ बाबू जी अतिथि-सत्कार के रूप में कम-से-कम पान तो खिला ही देंगे।''
3. नारद जी की वीणा सेठ पकौड़ी लाल के बेटे के मन में बस गई थी।
4. लाला ने कड़ककर कहा, ''देखो बाबा! मेरे बच्चे के मन में यह वीणा बस गई है। जितना चाहो पैसा ले लो, वीणा मुझे दे दो।''
5. नारद जी ने यह कहकर लाला की माँग ठुकरा दी कि यह वीणा बिकाऊ नहीं है। अपने सपूत को दूसरी वीणा दिला दो।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) वाक्य-प्रयोग द्वारा शब्दों में अंतर स्पष्ट कीजिए-**

**उत्तर–** (क) प्रण — राणा प्रताप ने मेवाड़ को आजाद कराने का **प्रण** लिया।
प्राण — लाला का पैर फिसल गया और उसके **प्राण** देवलोक को उड़ गए।
(ख) पूछ — वह एक मकान का पता **पूछ** रहा था।
पूँछ — गाय के एक लंबी **पूँछ** होती है।
(ग) दिन — आज का **दिन** सुहावना है।
दीन — हे ईश्वर हम **दीन** लोगों पर दया करो।

**(ख) वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** 1. वे 2. उनका 3. उसने 4. उनकी 5. मैं

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

- **काशी एक तीर्थ-स्थल है। भारत के मुख्य तीर्थ-स्थलों की सूची बनाइए।**

**उत्तर–** उत्तराखंड, हरिद्वार, केदारनाथ, बद्रीनाथ, ऋषिकेश, वैष्णोदेवी, श्रीनगर, अमरनाथ, यमुनोत्री।

**कल्पना की उड़ान**

- **यदि लाला नारद जी की बात पर क्रोधित न होता, तो क्या होता? बताइए।**

**उत्तर–** यदि लाला नारद जी की बात पर क्रोधित न होता तो लाला नारद जी पर नहीं झपटते, उसका पैर न फिसलता और पैर फिसलने से लाला की मृत्यु न होती।

**खेलकर सीखें**

- **वीणा एक वाद्य यंत्र है। अपनी अभ्यास-पुस्तिका में किन्हीं पाँच वाद्य यंत्रों के चित्र चिपकाकर उनके नाम भी लिखिए।**

  स्वयं कीजिए।

# 4. घर यह प्यारा ( कविता )

## अभ्यास-माला

## पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. यह कविता घर में रहने वाले छोटे-छोटे जीवों के विषय में है।
2. तिलचट्टा कॉकरोच को कहते हैं।

**लिखित प्रश्न**

**(ख) कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

**उत्तर–** और **यह देखो कॉकरोच** भी
दिन-रात **क्या यहीं ना रहते!**
**क्यों रहते ये इस घर में** जो
इसे **न अपना घर** समझते।

**(ग) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (a) चूहे 2. (a) मच्छर
3. (d) झपट रहे हैं 4. (c) हम सबका

**( घ ) वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखिए–**

**उत्तर–** 1. गलत 2. सही 3. सही 4. सही

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–**
1. मच्छर घर में टहल रहे हैं।
2. मकड़ी मस्त पड़ी हुई है।
3. छिपकली गश्त लगा रही थी।
4. घर में चूहे, मच्छर, मकड़ी, छिपकली, चींटियाँ, पंछी और कॉकरोच का जिक्र आया है।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) वचन बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छिपकली | **छिपकलियाँ** | चींटी | **चींटियाँ** | मकड़ी | **मकड़ियाँ** |
| कतार | **कतारें** | बहन | **बहनें** | रात | **रातें** |
| चूहा | **चूहे** | आँख | **आँखें** | कौआ | **कौए** |

**( ख ) सही विलोम शब्द पर '✓' का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| झगड़ा | — | लड़ाई | मेल ✓ | झपट्टा |
| अपना | — | दूसरा | तुम्हारा | पराया ✓ |
| दिन | — | रात ✓ | सवेरा | संध्या |
| सदा | — | हमेशा | आज | कभी-कभी ✓ |
| जाती | — | आती ✓ | आना | आकर |

**( ग ) शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–**
गश्त — पहरेदार **गश्त** लगाता है।
सिर्फ — यह घर **सिर्फ** हमारा ही नहीं बलिक इसमें रहने वाले सभी जीव-जंतुओं का भी है।
मस्त — हाथी **मस्त** चाल चलता है।
सदा — **सदा** सत्य बोलो।

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

- **बताइए, आपके घर में ये जीव-जंतु कहाँ रहते हैं?**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| छिपकली | **दीवारों पर** | मकड़ी | **जाले में** |
| चूहा | **बिल में** | कॉकरोच | **अँधेरे स्थानों पर** |

**कल्पना की उड़ान**

- **कक्षा में बताइए–**

स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **पशु-पक्षियों को उनकी आवाज़ों से मिलाइए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| • बिल्ली | • हिन-हिन |
| • मेढ़क | • चीं-चीं |
| • घोड़ा | • म्याऊँ-म्याऊँ |
| • कौआ | • मेंऽ-मेंऽ |
| • चिड़िया | • टर्र-टर्र |
| • बकरी | • काँव-काँव |

# 5. बरगद का पेड़ ( कहानी )

## अभ्यास-माला

## पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. गड़रिया लड़का आराम करने के लिए बरगद के पेड़ के नीचे बैठ गया।

2. लड़का बरगद के फल व फूलों को देखकर तिरस्कार की हँसी हँसा।

3. बरगद ने लड़के से प्रकृति से दोस्ती करने को कहा?

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. मैदान में कुछ **गड़रिये** अपनी भेड़-बकरियाँ चराने आते थे।

2. **हवा** के हलके-हलके झोंके लड़के को थपथपाने लगे।

3. किसी को **छोटा** या कम समझना बुद्धिमानी की बात नहीं है।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (b) भेड़-बकरियाँ चराने  2. (d) छाया देकर

3. (b) इल्लियाँ खाकर  4. (a) जमीन के नीचे से

**( घ ) वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखिए–**

**उत्तर–** 1. सही  2. गलत  3. सही

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. बरगद का वृक्ष बहुत विशाल था, उसका तना लंबा और मोटा था, उसके पत्ते घने थे तथा उसकी शाखाएँ चारों ओर फैली थीं।

2. गड़रिया लड़का विशाल बगरद के छोटे-छोटे फलों और फूलों को देखकर तिरस्कार की हँसी हँसने लगा।

3. पेड़ की जड़ों के पास जमीन के छिद्रों से केंचुए निकलते हैं, उन छिद्रों से मिट्टी को हवा मिलती है और पेड़ों की जड़ों को शक्ति मिलती है जिससे पेड़ की जड़ें मज़बूत हो जाती है।

4. पेड़ ने लड़के को समझाया कि किसी को भी छोटा या कम नहीं समझना चाहिए।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) वाक्यों में से संज्ञा और क्रिया शब्द छाँटिए-**

**उत्तर-**

| वाक्य | संज्ञा शब्द | क्रिया शब्द |
|---|---|---|
| 1. विशाल वृक्ष हँसने लगा। | वृक्ष | हँसने लगा। |
| 2. छोटे-छोटे फलों को देखो। | फलों | को देखो। |
| 3. इल्लियाँ हरे पत्ते खाती हैं। | इल्लियाँ, पत्ते | खाती हैं। |
| 4. शीतल हवा बह रही थी। | हवा | बह रही थी। |

**( ख ) सही विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बूढ़ा | **बरगद** | ताजा | **फल** | नटखट | **बच्चा** |
| सूखे | **पत्ते** | हरा-भरा | **मैदान** | सुंदर | **चिड़िया** |
| मोटी | **बकरी** | कठोर | **नारियल** | | |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **अपने आस-पास लगे पाँच पेड़ों के नाम जानकर लिखिए-**

  1. आम 2. जामुन 3. नीम 4. पीपल 5. बरगद

**कल्पना की उड़ान**

- **यदि पृथ्वी पर पेड़-पौधे न होते तो क्या होता? बताइए।**

**उत्तर-** यदि पृथ्वी पर पेड़-पौधे न होते तो हमारा जीवन संभव नहीं था। पेड़ों के बिना हमें खाना नहीं मिलता, साँस लेने के लिए प्राण वायु नहीं होती। और पेड़ों के बिना वातावरण में हवा नहीं होती। पूरी जमीन पर पत्थर ही पत्थर होते। सब कुछ एक रेगिस्तान बन जाता। जंगली इलाके भी सूख जाते।

**खेलकर सीखें**

- **दिए गए चित्र को बिंदु से बिंदु मिलाकर पूरा कीजिए व सुंदर रंगों से सजाइए-**

  स्वयं कीजिए।

# 6. चतुर टॉम ( कहानी )

## अभ्यास-माला

## पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. पॉली मौसी ने टॉम को घर की चहारदीवारी पर सफ़ेदी करने का जिम्मा उसकी शैतानी से तंग आकर सौंपा।

2. घर के नौकर का नाम जिम था।

3. पॉली मौसी की आँखों में अचानक टॉम के लिए ममता का समुद्र उमड़ पड़ा क्योंकि टॉम ने बहुत जल्दी और सुंदर तरीके से चहारदीवारी की पुताई कर दी थी।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. एक दिन पॉली मौसी का **धैर्य** जवाब दे गया।

2. हर तरफ़ गुनगुनी धूप की **मुसकान** बिखरी थी।
3. टॉम ने बड़ा **अहसान** दिखाते हुए अपना ब्रश छोड़ दिया।
4. **सेब** को कुतरता हुआ टॉम अब घर से निकल पड़ा था।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (a) मौसी के 2. (d) सेब

3. (c) नटखट और बहादुर 4. (a) मार्क ट्वेन

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. टॉम को मौसी ने घर की चहारदिवारी पर सफेदी करने की सजा सुनाई।

2. टॉम को प्रसन्न करने के लिए लड़कों ने सेब, चाक के टुकड़े,काँच की चूड़ियाँ, चाकू का हैंडल, कुत्ते का पटटा, नीली शीशी का टुकड़ा आदि चीजें दीं।
3. पुताई जिम, बेन रोगर्स तथा कुछ और बच्चों ने की।
4. दीवार देखकर पॉली मौसी ने कहा, ''अरे, वाह टॉम! मैंने तो सोचा भी नहीं था। तुमने तो सारा काम इतनी जल्दी और इतनी सफाई से कर दिया, सचमुच मुझे आश्चर्य है। अच्छा टॉम, अब तुम जाओ, दोस्तों के बीच खेल कूद आओ।''

**व्याकरण–ज्ञान**

**( क ) समान अर्थ वाले शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहानुभूति | **हमदर्दी** | विनम्रता | **नरमी** |
| चतुर | **चालाक** | उल्लास | **खुशी** |

**( ख ) वाक्यों में से क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** 1. बिखरी 2. समझ 3. कर

## विषय–संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **टॉम कैसा लड़का था? उसके व्यक्तित्व की कौन–सी विशेषता तुम्हें प्रभावित करती है? लिखिए।**

**उत्तर–** टॉम नटखट व बहादुर लड़का था। उसके व्यक्तित्व की हमें कई बातें प्रभावित करती हैं। मौसी पॉली के कहने पर वह किसी भी कार्य को करने से इंकार नहीं करता और दूसरा वह अपना कार्य दूसरों से सरलता से करवाने में निपुण है। टॉम एक चतुर बच्चा है।

**कल्पना की उड़ान**

- **बताइए, इनमें से कौन–से वाक्य सच्चे मित्र की ओर संकेत करते हैं? सही वाक्यों पर '✓' लगाइए–**

स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **कहानी के आधार पर मज़ेदार नाटक तैयार करके खेलिए।**

  स्वयं कीजिए।

## 7. शिवाजी का न्याय ( एकांकी )

**अभ्यास-माला**

**पाठ-ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. सोमदेव ने जीत का संदेश भिजवाया था।

2. सेनापति ने युद्ध में शिवाजी के आदेशानुसार धार्मिक स्थल को हानि नहीं पहुँचाई। बच्चों, बूढ़ों, महिलाओं और विकलांगों पर तलवार नहीं उठाई तथा धार्मिक पुस्तकों को भी सुरक्षित रखा।

3. शिवाजी ने मुल्ला अहमद की पुत्रवधू से क्षमा इसलिए माँगी क्योंकि शिवाजी महाराज का सेनापति सूबेदार साहब की पुत्रवधू को उठाकर महल में ले आया था।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (a) कल्याण के किले पर  2. (d) सोमदेव

3. (a) शहजादी  4. (c) मुल्ला अहमद की

**( ग ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. शिवाजी के अनुसार सच्चा वीर वही होता है जो बच्चों, बूढ़ों विकलांगों और महिलाओं पर तलवार नहीं उठाता, धार्मिक स्थलों को हानि नहीं पहुँचाता और धार्मिक पुस्तकों का सम्मान करता है।

2. सेनापति ने शिवाजी को बताया कि हमारे सैनिकों ने कल्याण के किले पर अधिकार कर लिया है।

3. शिवाजी ने युद्ध से मिले धन को सैनिकों और शहीद सैनिकों के परिवारों में बँटवाने तथा जो शेष रहे उसे राजकोष में जमा कराने का निर्णय किया।

4. शिवाजी पराई स्त्री को माँ और बहन के समान मानते थे।

**व्याकरण-ज्ञान**

- **रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर-** | स्त्री | **स्त्रियाँ** | पुस्तक | **पुस्तकें** |
| | महिलाएँ | **महिला** | वे | **वह** |

**विषय-संवर्धन गतिविधियाँ**

**आइए, कुछ करें**

- **नीचे कुछ किलों के नाम दिए गए हैं। अपने अध्यापक या इंटरनेट की सहायता से**

**इन किलों में से शिवाजी के साम्राज्य के किलों के नाम छाँटकर लिखिए–**

शिवनेरी किला, सिंधु दुर्ग, रायगढ़ का किला, प्रतापगढ़ किला, आमेर का किला, पुरंदर का किला, लोहागढ़ दुर्ग।

**कल्पना की उड़ान**

- **शिवाजी को 'महान मराठा शासक' क्यों कहा जाता है? बताइए।**

**उत्तर–** शिवाजी महाराज शाह जी भोंसले और जीजाबाई के पुत्र थे। शिवाजी को मराठा साम्राज्य का संस्थापक कहा जाता है। क्योंकि शिवाजी महाराज ने बीजापुर सल्तनत से मराठा लोगों को रिहा करने की जिम्मेदारी ली थी और मुगलों की कैद से उन्होंने लाखों मराठों को आजादी दिलवाई थी।

**खेलकर सीखें**

- **किसी भी बाल-पत्रिका; जैसे- नंदन, चंपक, बालहंस आदि से शिवाजी से संबंधित चित्र काटिए और उन्हें अपनी हिंदी स्क्रैप-बुक में चिपकाइए।**

स्वयं कीजिए।

# 8. एक किरण आई ( कविता )

## अभ्यास-माला

## पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. किरण के आने से दुनिया में अनोखा प्रकाश छा गया।

2. किरण पूरब में सुखद सवेरा लाई।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

**उत्तर–** एक किरण आई **छाई, दुनिया में ज्योति निराली**
**रँगी सुनहरे रंग में, पत्ती-पत्ती** डाली-डाली।
एक किरण आई **लाई, पूरब में सुखद** सवेरा
हुई **दिशाएँ लाल, लाल हो गया** धरा का घेरा।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (d) भौंरे 2. (b) फूल
3. (b) प्रकाश से 4. (b) सोहनलाल द्विवेदी

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. उगते हुए सूर्य की सुनहरी किरणों के कारण पत्तियाँ और डालियाँ सुनहरे रंग में रंग गईं।

2. सूर्योदय पूरब दिशा में होता है।

3. परोपकारी व्यक्ति किरण रूपी अपने सत्कर्मों से इस धरती पर ज्ञान रूपी प्रकाश फैला सकता है।

4. कवि हमसे किरण बनने के लिए इसलिए कह रहा है ताकि हम किरण की तरह ही अपने सत्कर्मों और परोपकार से इस धरती को प्रकाशित कर सकें।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) पढ़िए और समझिए-**

**उत्तर-** स्वयं कीजिए।

**( ख ) समान तुक वाले शब्दों का मिलान कीजिए-**

**उत्तर-**

| | |
|---|---|
| • आई | • मगर |
| • गाने | • जीवन |
| • पवन | • घेरा |
| • सवेरा | • छाई |
| • अगर | • मुसकाने |

**( ग ) शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुबह | **शाम** | धरा | **नभ** | सुगंध | **दुर्गंध** |
| मीठा | **कड़वा** | दिन | **रात** | रात | **दिन** |

**विषय-संवर्धन गतिविधियाँ**

- **'प्रातः कालीन सैर' शीर्षक पर एक अनुच्छेद लिखिए।**

**उत्तर-** हमें सुबह सूर्योदय से पूर्व उठना चाहिए फिर अपने दैनिक कार्यों से निवृत होकर लगभग आधे घंटे के लिए सैर करनी चाहिए जिससे हमारे शरीर को ताजी हवा प्राप्त होगी तथा शरीर में स्फूर्ति आयेगी और शरीर कार्य करने के लिए समर्थ बना रहेगा। अत: हमें नियमपूर्वक प्रात:कालीन सैर अवश्य करनी चाहिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **सूर्य का प्रकाश पौधों के लिए क्यों आवश्यक है? बताइए।**

**उत्तर-** हरे पौधे मिट्टी से कुछ खनिज पदार्थ और जल तथा वायु से कार्बन डाइऑक्साइड लेकर सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में क्लोरोफिल की सहायता से अपना भोजन बनाते हैं। इस प्रक्रिया को प्रकाश-संश्लेषण कहा जाता है। यह सूर्य के प्रकाश द्वारा ही संभव है।

**खेलकर सीखें**

- **कागज़ और गत्ते के द्वारा सूर्य का चित्र बनाइए।**

  स्वयं कीजिए।

## 9. नींद की करामात ( लोककथा )

**अभ्यास-माला**

**पाठ-ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर–** 1. आकाश में अपनी दूधिया रोशनी चाँद फैला रहा था।

2. मोर ने बताया कि दोनों बच्चों को अजगर निगल गया है।

3. सूरज और चंदा उड़कर आकाश में पहुँच गए।

**लिखित प्रश्न**

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. राहुल दशहरे की **छुट्टी** में अपनी मौसी के घर गया।

2. मौसी ने राहुल को प्यार करते हुए **आशीर्वाद** दिया।

3. राहुल ने हाथ–मुँह धोए और बड़े मज़े से **गाजर** का हलवा खाया।

4. अजगर **मोर** से डरता था।

**(ग) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (b) हलवा 2. (b) चाँद

3. (d) अजगर 4. (b) मोर

**(घ) किसने कहा?**

**उत्तर–** 1. मौसी ने 2. राहुल ने 3. चंदा ने 4. निद्रा ने

**(ङ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. मौसी ने राहुल को सूर्य और चाँद की कहानी सुनाई।

2. आकाश नगरी में दिन नाम का व्यक्ति रहता था। वह अपनी पत्नी रात्रि तथा अपने बच्चों सूर्य और चंद्रमा के साथ रहता था।

3. सूरज और चंदा को अजगर ने निगल लिया था इसलिए वे घर नहीं पहुँचे थे।

4. रात्रि की सखी निद्रा जब अजगर की आँखों में घुस गई और उसने जोर की जम्हाई लेने के लिए मुँह खोला तब रात्रि ने दिन की सहायता से अपने बच्चों को अजगर के मुँह से निकालकर बचाया।

5. जब दिन व रात्रि ने अजगर के मुँह से सूर्य और चंद्रमा को निकाल लिया और अजगर को वे दोनों बाहर दिखाई दिए तो वह उन्हें पकड़ने के लिए लपका। वे दोनों दौड़कर उस पेड़ पर चढ़ गए जहाँ मोर रहता था और वहाँ से ऊँची उड़ान भर कर आसमान में पहुँच गए।

**व्याकरण–ज्ञान**

**(क) विलोम शब्द चुनकर लिखिए–**

**उत्तर–** प्रसन्न **अप्रसन्न** रात्रि **दिवस** सुगंध **दुर्गंध**

अँधेरा **उजाला** पूर्णमासी **अमावस्या**

**(ख) 1. निम्नलिखित शब्दों में सु और दुर् लगाकर नए शब्द बनाइए**

**उत्तर–**

| सु + | | | | दुर् + | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | + रक्षा | = | **सुरक्षा** | दुर् | + दशा | = | **दुर्दशा** |
| सु | + कन्या | = | **सुकन्या** | दुर् | + गति | = | **दुर्गति** |
| सु | + यश | = | **सुयश** | दुर् | + गम | = | **दुर्गम** |
| सु | + शील | = | **सुशील** | दुर् | + बल | = | **दुर्बल** |
| सु | + गम | = | **सुगम** | दुर् | + गंध | = | **दुर्गंध** |

**2. सरसर शब्द में आहट जुड़ने से शब्द बनता है सरसराहट। निम्नलिखित शब्दों में आहट जोड़कर भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए**

**उत्तर–** कड़वा + आहट = **कड़वाहट** घबरा + आहट = **घबराहट**

चिकना + आहट = **चिकनाहट** बौखला + आहट = **बौखलाहट**

**( ग ) शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तरा–** रात **रजनी निशा यामिनी** दिन **दिवस दिवा वार**

सूरज **सूर्य भानु रवि**

**विषय-संवर्धन गतिविधियाँ**

**आइए, कुछ करें**

- **आपने चींटी, कबूतर और शिकारी की कहानी पढ़ी या सुनी होगी। यदि नहीं तो कहानी पढ़कर जानिए कि अपने किस गुण के कारण चींटी शिकारी की बंदूक से कबूतर की जान बचाती है?**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **एक मगरमच्छ था। वह लोमड़ी को खाना चाहता था। पर लोमड़ी थी बहुत चालाक। वह मगरमच्छ की पकड़ में ही नहीं आती थी। मगरमच्छ ने एक बार कछुए से मदद माँगी। कछुए ने कहा, लोमड़ी हमेशा नदी पर पानी पीने आती है। क्यों न तुम उसे वहीं मार दो। मगरमच्छ उस दिन उसी नदी पर लोमड़ी का इंतजार करता रहा। पूरी रात काट दी फिर पता चला कि लोमड़ी को उस दिन शिकारी उठाकर ले गए।**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **दी गई वर्ग-पहेली में आकाश में दिखाई देने वाली वस्तुओं के नाम खोजकर उन पर गोला (◯) बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खा | नि | चं | द्र | मा | ता |
| पा | ता | ला | सि | के | नु |
| दा | रे | भि | सू | र | ज |
| वा | यु | या | न | टि | षे |
| ऋ | गा | बा | द | ल | वि |

# 10. चंद्रशेखर आज़ाद ( जीवन-परिचय )

**अभ्यास-माला**

**पाठ-ज्ञान**

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. चंद्रशेखर आजाद ने अल्लीराजपुर राजा के बाग से पिता जी से पूछे बिना फल तोड़ लिया।

2. चंद्रशेखर आज़ाद को गोली चलाने व निशान लगाने में महान कौशल प्राप्त था।

3. विधानसभा में सरदार भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने चंद्रशेखर आजाद की आज्ञा से बम विस्फोट किया।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (b) सीताराम 2. (a) जगरानी

3. (d) बारह वर्ष 4. (a) पुलिस ने

**( ग ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. चंद्रशेखर आज़ाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के भाँवरा ग्राम में हुआ था।

2. चंद्रशेखर आजाद के द्वारा माली से माँफी न माँगे जाने के कारण क्रोधित हुए उनके पिता ने उन्हें घर से निकाल दिया।

3. चंद्रशेखर आज़ाद ने पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर स्वयं को पुलिस से आजाद रखने के लिए खुद को गोली मार ली।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| देश | **राष्ट्र** | **मुल्क** | पाठशाला | **विद्यालय** | **स्कूल** |
| घर | **आलय** | **गृह** | छात्र | **विद्यार्थी** | **शिष्य** |

**( ख ) शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सदस्य | **सदस्यों** | गोली | **गोलियाँ** | कोड़ा | **कोड़े** |
| किताब | **किताबें** | सिपाही | **सिपाहियों** | बालक | **बालकों** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **नीचे कुछ क्रांतिकारियों के चित्र दिए गए हैं, पहचानकर इनके नाम लिखिए–**

**उत्तर–**



सुखदेव



चंद्रशेखर आजाद



सुभाषचंद्र बोस



भगतसिंह



लाला लाजपत राय

**कल्पना की उड़ान**

- **हमें गलत कार्यों व अन्याय का विरोध क्यों करना चाहिए? बताइए।**

**उत्तर–** हमें गलत कार्यों व अन्याय का सदा विरोध करना चाहिए क्योंकि कहा भी गया है अन्याय करने वाला जितना दोषी है, उससे ज्यादा सहने वाला होता है। हमें अन्याय

को न सहकर उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। यदि हमारे साथ कोई गलत कर रहा है, तो उसे तत्काल टोके ताकि उसकी हिम्मत न बढ़े। अत: अन्याय का विरोध सर्वमान्य व सर्वोच्च होना चाहिए।

**खेलकर सीखें**

- **अपनी अभ्यास-पुस्तिका में तिरंगे झंडे का चित्र बनाइए।**

  स्वयं कीजिए।

**खोजिए**

- **'अनेकता में एकता' विषय पर पाँच पंक्तियाँ लिखिए।**

**उत्तर–** 1. विविधता में एकता का अर्थ है कि हम सभी अलग हैं, लेकिन समान हैं।

2. अनेकता में एकता समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।
3. यह हमें एक-दूसरे से नई चीजें सीखने में मदद करता है।
4. यह हमें एक-दूसरे के मतभेदों का सम्मान करना और उन्हें महत्व देना सिखाता है।
5. हम सभी में भिन्न प्रतिभाएँ और क्षमताएँ हैं, जो हमें विशेष बनाती हैं।

# 11. झरना ( कविता )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. झरना सब पीछे छोड़कर उत्साह और उमंग से आगे बढ़ता रहता है।

2. हमारे जीवन में चाहे कितनी भी बाधाएँ आएँ उनसे विचलित न होकर आगे बढ़ते रहना है।
3. झरने का काम केवल चलते रहना है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

**उत्तर–** तुम भी **मन में ले उत्साह,**
**गढ़े चलो विघ्नों** में राह।
बच्चों **ऐसा करो कमाल,**
तुमसे **जग हो जाय निहाल**।।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (c) झरना 2. (a) चलना
3. (d) इन सभी से 4. (d) (a) व (b) दोनों

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. झरना हर प्रकार की बाधाओं को दूर करते हुए बिना रुके निरंतर बहता रहता है।

2. झरना झाड़-झंखाड़, पेड़ों और पहाड़ों से लड़ते हुए आगे बढ़ जाता है।

3. झरने की धारा जहाँ तक जाती है, वहाँ पानी की आवश्यकता की पूर्ति करके सबको जीवनदान देता है।
4. हमें झरने की तरह प्रत्येक स्थिति में उत्साहित होते हुए संकटों और विघ्नों से बिना डरे आगे बढ़ते रहना चाहिए।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ऊँची | **नीची** | पीछे | **आगे** | जीवन | **मरण** |
| हरदम | **कभी नहीं** | पास | **दूर** | बच्चा | **बूढ़ा** |

**( ख ) शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए-**

**उत्तर-**

| | |
|---|---|
| उल्लास | **उ + ल् + ल् + आ + स् + अ** |
| विघ्न | **व् + इ + घ् + न् + अ** |
| निहाल | **न् + इ + ह् + आ + ल् + अ** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **झरने को रास्ते में पेड़-पहाड़, झाड़-झंखाड़ आदि से संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना पड़ता है। आपको विद्यालय जाते समय किन-किन चीज़ों से संघर्ष करना पड़ता है? बताइए।**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **नीचे हिमालय की तराई का चित्र दिया गया है। इसमें अपनी कल्पना से रंग भरकर इसे पूर्ण कीजिए।**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

**क्या आपने कभी किसी के लिए भलाई का कार्य किया है? अपनी कक्षा में मित्रों के साथ चर्चा कीजिए।**

स्वयं कीजिए।

# 12. भुलक्कड़ पापा ( हास्य कथा )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-**
1. नन्ही कक्षा में रुक्मणि बनी थी, परंतु वह अपना संवाद भूल गई इसीलिए वह उदास थी।
2. नन्ही के पापा ने अपने बचपन की कहानी सुनाई।
3. दीदी ने अच्छा-सा पेन मँगाया।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. नन्ही स्कूल से लौटी, तो बड़ी **उदास** थी।

2. भालूवाला **भालू** नचा रहा था।

3. मेहमान तो **कब के** चले गए।

4. थोड़ी देर में माँ ने **दरवाजा** खुलवाया।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (d) रुक्मणि 2. (c) अपने बचपन का

3. (a) भालू का 4. (d) चार दर्जन

**( घ ) किसने कहा?**

**उत्तर–** 1. नन्ही के पापा ने 2. नन्ही ने

3. चंदर के पापा ने 4. केले वाले ने

**( ङ ) वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखिए–**

**उत्तर–** 1. सही 2. सही 3. सही 4. गलत

**( च ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. नन्ही कक्षा में होने वाले कृष्ण-सुदामा नाटक का अपना संवाद भूल गई थी जिससे सबने उसका मजाक उड़ाया। इसी कारण नन्ही दुखी थी।

2. नन्हीं के पिता ने मुसकराकर कहा, ''अगली बार नाटक खेलो तो संवाद याद रखना।''

3. नन्हीं के पिता ने उसे बीस साल पहली बात सुनाई।

4. दीदी ने चंदर से पेन लाने के लिए कहा था।

5. चंदर भालू का खेल देखने लगा।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) वाक्यों में सही विराम-चिह्न लगाइए, जिससे वे स्पष्ट अर्थ दे सकें–**

**उत्तर–** ''अरे पापा, दुख तो होता ही है ना'' नन्ही ने रोनी सूरत बनाकर कहा, ''तो पापा की हँसी छूट गई। वे हँसते-हँसते बोले''अरे वाह! भुलक्कड़पन कोई उदास होने की बात है, तुम्हें मालूम है, बचपन में मैं कितना भुलक्कड़ था?''

**( ख ) वाक्यों में से संज्ञा और सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | संज्ञा | सर्वनाम |
|---|---|---|
| 1. | गुड़िया | उसे |
| 2. | जलेबी | मुझे |
| 3. | कक्षा कृष्ण-सुदामा, नाटक | उसकी |
| 4. | पेन | मेरा |

**( ग ) उचित बहुवचन रूप पर गोला (◯) बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कविता | – | कविताऐं | (कविताएँ) |
| कक्षा | – | (कक्षाएँ) | कक्षाऐं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| केला | – | केलाएँ | (केले) |
| थैला | – | (थैले) | थैलें |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **नीचे बच्चों के कुछ विशेष लक्षण दिए जा रहे हैं। छाँटकर लिखिए कि प्रत्येक के लिए कौन-सा नाम ठीक रहेगा?**

**उत्तर–** जो लड़की बहुत शर्माती हो — **शर्मीली**
जो बच्चा बहुत दुबला-पतला हो — **सुकड़ू**
जिसे कोई चीज़ पसंद ही न आए — **नकचढ़ा**
जो हर काम धड़ल्ले से करे — **धाकड़**

**कल्पना की उड़ान**

- **क्या आप या आपके किसी सहपाठी का भी भुलक्कड़पन के कारण मज़ाक उड़ाया गया है? इस विषय में अपनी कक्षा में चर्चा कीजिए।**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **कृष्ण-सुदामा नाटक का कक्षा में अभिनय कीजिए।**

  स्वयं कीजिए।

# 13. ग्रामीण जीवन ( पत्र )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. यह पत्र सिमरन ने अपनी सखी गौरी के लिए लिखा।
2. गेहूँ, चावल, जौ आदि को अनाज कहा जाता है।
3. सूरजमुखी के बीजों का तेल महँगा होता है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

उत्तर— 1. **गन्ने** के रस से गुड़ बनाया जाता है।
2. फलियों वाली मटर, चना, मूँग आदि को **दलहन** कहते हैं।
3. सूरजमुखी के बीजों से **तेल** निकाला जाता है।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (a) स्टेशन पर — 2. (d) तिलहन
3. (d) अंधविश्वासों से — 4. (d) उपर्युक्त सभी

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. सिमरन ने यह पत्र गाँव से अपनी सखी गौरी को लिखा है।
2. सिमरन (बैलगाड़ी से उन्हें लेने आए हुए) पिताजी के परिवार के साथ दादा जी के घर बैलगाड़ी से पहुँची।
3. गाँव जाकर सिमरन ने गन्ना, चना, मटर, मूंग, सूरजमुखी के खेतों को देखा। गन्ने चूसे। गुड़ बनते देखा। चने व मटर की फलियों के कच्चे दानों का स्वाद लिया। चौपाल में लोगों को खबरों पर अपने विचार प्रकट करते देखा।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क )  निम्नलिखित विशेष्यों के लिए उचित विशेषण लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पक्के | **मकान** | ताजी | **हवा** | कच्ची | **सड़क** |
| भैंस का | **दूध** | अनपढ़ | **लोग** | कच्चे | **आम** |

**( ख )  निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सखी | **सहेली** | सूरज | **सूर्य** |
| पहली | **प्रथम** | अख़बार | **समाचार-पत्र** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **आप अपने गाँव या शहर के विषय में अपने किसी मित्र को पत्र लिखिए।**
  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **अपने परिवार के साथ आप भी पास के किसी गाँव में जाकर वहाँ के जीवन, समस्याओं और खुशहाली आदि की जानकारी प्राप्त कीजिए।**
  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **दी गई वर्ग-पहेली में सात अनाजों के नाम पर गोला (◯) बनाइए**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| का | गे | ङ | न | गी | छि |
| पे | हूँ | स | झ | आ | लू |
| चु | ह | चा | व | ल | म |
| ला | ज्वा | र | खि | जू | क्का |
| बा | ज | रा | ला | ज | मी |
| डा | ता | गी | के | जौ | घे |

# 14. बया से ( कविता )

## अभ्यास-माला

## पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क )  निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. बया अपना घोंसला ऊँची डाली पर लटकाती है।

2. बया दाना खेतों से लाती है।

3. बया के बच्चे पर निकल आने पर बया को छोड़कर उड़ जाएँगे।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

**उत्तर–** तुझको **दूर न जाने देंगे,**
**दानों से आँगन भर** देंगे,
और हौज **में भर देंगे हम,**
**मीठा–मीठा ठंडा** पानी।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (d) महादेवी वर्मा — 2. (c) रानी
3. (b) बया के बच्चों की — 4. (b) दानों से

**( घ ) वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखिए–**

**उत्तर–** 1. सही — 2. सही — 3. गलत — 4. गलत

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. बया अपना घोंसला तिनकों से बनाती है।

2. बया खेतों से दाना और नदियों से पानी लाती है।

3. जब बया के बच्चे बया बनकर उड़ जाएँगे तब बया को अकेलापन लगेगा।

4. कवयित्री कहती है कि हम सब बया तेरे पास रहकर तेरा अकेलापन दूर करेंगे।

**व्याकरण–ज्ञान**

**( क ) निम्नलिखित पंक्तियों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** फिर जब <u>उनके</u> पर निकलेंगे बया बनकर <u>वह</u> उड़ जाएँगे,
<u>हम</u> सब <u>तेरे</u> पास रहेंगे।

**( ख ) शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रोना | **हँसना** | ठंडा | **गर्म** |
| मीठा | **खारा** | दूर | **पास** |

**( ग ) तुकांत शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रानी | **पानी** | जब | **तब** |
| जाएँगे | **आएँगे** | बारी | **सारी** |

## विषय–संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **अपने घर के आस–पास किसी पेड़ पर गरमियों के मौसम में देखिए कि चिड़िया कैसे तिनके लाकर घोंसला बनाती है। इस घोंसले को हर रोज़ कुछ समय के लिए देखिए और फिर अपनी डायरी में लिखिए कि चिड़िया के घोंसले में आज क्या हुआ?**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **दिए गए विवरणों को पढ़कर संकेत की सहायता से पक्षियों के नाम लिखिए–**

**उत्तर–** 1. कोयल 2. मोर 3. हम्मिंग बर्ड 4. शुतुरमुर्ग
5. पेंग्विन 6. सफ़ेद कबूतर 7. बाज

**खेलकर सीखें**

- **अपनी कॉपी में चिड़िया का एक चित्र बनाइए और उसे सुंदर रंगों से सजाइए।**
  स्वयं कीजिए।

## 15. कान का दर्द ( वैज्ञानिक लेख )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. कान के डॉक्टर को कान के भीतर शीशे पर प्रकाश द्वारा दिखाई देता है।
2. कान का परदा तिनका या माचिस की तीली डालने से फट सकता है।
3. दोनों कानों का ठीक होना इसलिए जरूरी है क्योंकि एक कान से सुनने में दिक्कत हो सकती है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. दीपिका के **कान** में सुबह से बहुत दर्द हो रहा था।
2. नर्स ने दीपिका को एक **स्टूल** पर बैठा दिया।
3. **डॉक्टर** के माथे पर एक गोल शीशा लगा हुआ था।
4. **आवाज या ध्वनि की लहरें** जब कान के परदे से टकराती हैं तो हमें सुनाई पड़ता है।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (d) नर्स ने 2. (b) नर्स
3. (b) गूँगे और बहरे 4. (b) सुनाई पड़ता है

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. कान में दर्द होने के कारण दीपिका पिताजी के साथ डॉक्टर के पास गई।
2. डॉक्टर को कान में माचिस की तीली दिख गई थी जिससे डॉक्टर ने जाना कि दीपिका ने कान में माचिस की तीली डाली थी।
3. नर्स ने दीपिका को स्टूल पर बैठाकर बात करते हुए पिचकारी से उसके कान की सफाई कर दी।
4. यदि कान न होते तो हमें कुछ भी सुनाई नहीं पड़ता और हम बोलना भी नहीं सीख पाते।

**व्याकरण-ज्ञान**

**(क) 'पर' या 'में' लिखकर वाक्य पूरे कीजिए-**

**उत्तर-** 1. दीपिका स्टूल **पर** बैठी और डॉक्टर कुरसी **पर**।

2. कान **में** बहुत मैल था।

3. नर्स ने रोगी के कान **में** दवा डाली।

4. यह दवा तीन बार कान **में** डालिए।

5. कौआ छत **पर** बैठा है। उसके मुँह **में** तिनका है।

**(ख) निम्नलिखित शब्दों से पूर्व 'अ' जोड़कर विलोम शब्द बनाइए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भाव | **अभाव** | चल | **अचल** | पूर्ण | **अपूर्ण** |
| समर्थ | **असमर्थ** | नाम | **अनाम** | दृश्य | **अदृश्य** |
| ज्ञात | **अज्ञात** | लभ्य | **अलभ्य** | सुर | **असुर** |
| पर्याप्त | **अपर्याप्त** | | | | |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए-**

**उत्तर-**

| | |
|---|---|
| अंदर | कान के **अंदर** तिनका व माचिस की तीली नहीं डालनी चाहिए। |
| पास | मेरे **पास** दो पेन हैं। |
| आवश्यकता | हमें दोनों कानों की **आवश्यकता** होती है। |
| आश्चर्य | दीपिका को डॉक्टर की बात सुनकर **आश्चर्य** हुआ। |
| उपयोगी | यह जानकारी बच्चों के लिए बहुत **उपयोगी** है। |
| प्रकृति | **प्रकृति** ने हमें पेड़-पौधे दिए हैं। |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **अपने सहपाठियों के साथ शरीर के अन्य अंगों की साफ़-सफ़ाई व उनकी उचित देखभाल करने के विषय में चर्चा कीजिए।**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **आप अपने कानों की सफ़ाई किस प्रकार करेंगे और अपने कानों का ध्यान किस प्रकार रखेंगे? बताइए।**

**उत्तर-** हमें अपने कानों में कोई भी नुकीली वस्तु, पेन, पेंसिल, तिनका व माचिस की तीली नहीं डालनी चाहिए। जब भी खुजली हो तो हमें डॉक्टर के पास ही जाना चाहिए।

**खेलकर सीखें**

- **कान के आंतरिक भाग का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए।**

  स्वयं कीजिए।

# 16. जैसे को तैसा ( कहानी )

## अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. हरिदास उज्जैन नगर में रहता था।

2. बुढ़िया ने हरिदास से घोड़ा दस हजार रुपये में खरीदा।

3. अंत में हरिदास का सारा माल डाकू कुंदन सिंह ने छीन लिया।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. सुनंदा को हरिदास के छलावे पर **क्रोध** आ गया।

2. हरिदास **शान** से घोड़े पर बैठकर चला गया।

3. कभी सुना है कि घोड़ा रुपयों की **लीद** देता है।

4. हरिदास जैसे **ठग** को सबक मिल गया।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (b) दो हज़ार 2. (a) आर्यनगर

3. (b) बुढ़िया को 4. (d) डाकू

**( घ ) किसने कहा?**

**उत्तर-** 1. हरिदास ने 2. दुकानदार ने

3. सुनंदा ने 4. मुखिया (डाकू) ने

**( ङ ) वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखिए-**

**उत्तर-** 1. सही 2. गलत 3. गलत 4. सही

**( च ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. हरिदास उज्जैन नगर में रहने वाला ब्राह्मण था जो भिक्षा माँगकर गुजारा करता था।

2. हरिदास ने घोड़े से कुत्ते को श्रेष्ठ बताया।

3. हरिदास ने घोड़े की लीद में कुछ रुपये मिलाकर बुढ़िया से बोला की मेरा घोड़ा रुपयों की लीद करता है और अस्तबल ले जाकर बुढ़िया को लीद में पड़े रुपये दिखाए और बुढ़िया को घोड़ा दस हजार रुपये में बेचकर उसे ठग लिया।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय अलग-अलग कीजिए-**

**उत्तर-**

| उद्देश्य | विधेय |
|---|---|
| 1. सुनंदा ने | हँडिया में चावल पकाए। |
| 2. हरिदास | भिक्षा माँगकर अपना गुजारा करता था। |
| 3. डाकू ने | हरिदास से सारा माल ले लिया। |
| 4. अफ़सर ने | छड़ी से कुत्ते की पिटाई कर दी। |

**( ख ) वाक्यों में क्रिया-शब्द रेखांकित कीजिए-**

**उत्तर-** 1. हरिदास ने सुनंदा को चावल <u>दिए</u>।

2. इस बात पर सुनंदा <u>हँसी</u>।

3. हरिदास दो हजार रुपये लेकर <u>जा रहा था</u>।

4. अफसर ने कुत्ते की <u>पिटाई कर दी</u>।

**( ग ) शब्दों में सही जगह पर ( ं ) या ( ँ ) का चिह्न लगाकर इन्हें दोबारा लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गाव | **गाँव** | पतग | **पतंग** | चदा | **चंदा** |
| कहा | **कहाँ** | हडिया | **हँडिया** | अतिम | **अंतिम** |
| आधी | **आँधी** | गाधी | **गांधी** | | |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **ग्राम पंचायत क्या होती है और इसका क्या कार्य होता है? अपने अध्यापक/ अध्यापिका से पता करके लिखिए।**

'ग्राम पंचायत' पंचायती राज व्यवस्था की सबसे छोटी निर्वाचित इकाई होती है। ग्राम पंचायत के सदस्यों का निर्वाचन ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा किया जाता है। ग्राम पंचायत के सदस्यों का चुनाव पाँच वर्ष के लिए होता है। ग्राम पंचायतें ग्राम की स्वच्छता, प्रकाश, सड़कों, औषधालयों, कुँओं की सफाई और मरम्मत, सार्वजनिक भूमि, पैठ, बाजार, मेलों और चरागाहों की व्यवस्था करती है; जन्म मृत्यु का लेखा रखती हैं और खेती, उद्योग धंधों एवं व्यवसायों की उन्नति, बीमारियों की रोकथाम, श्मशानों और कब्रिस्तानों की देखभाल भी करती है।

**कल्पना की उड़ान**

- **दिए गए चित्रों की सहायता से कहानी लिखिए-**

**उत्तर-** एक समय की बात है, एक शहर में अमीर परिवार रहता था। उस परिवार में किसी प्रकार की कोई चिंता या कमी नहीं थी। परिवार में माता-पिता व उनका एक इकलौता बेटा रहता था। माता-पिता के पैसों पर ऐश करता वह बेटा दोस्तों की बुरी संगत में पड़ गया। धीरे-धीरे उसमें बुरी आदतों का विकास होता चला गया।

माता-पिता को यह समझ नहीं आ रहा था कि बेटे की बुरी आदतों को किस तरह से सुधारा जाए। पिता ने बेटे को एक सबक के जरिए संगति के असर के फायदे और नुकसान के बारे में सिखाना चाहा।

एक दिन लड़के के पिता लड़के को अपने साथ बाजार लेकर गए। पिता ने बाजार से कुछ सेब खरीदे। उसके पिता ने साफ सेबों में एक सड़ा हुआ सेब भी खरीद लिया। वे दोनों घर वापिस आ गए। घर आकर पिता ने बेटे को बोला कि बेटा इन सेबों को अलमारी में रख दो। पिता की आज्ञा मानकर बेटे ने सेब अलमारी में रख दिए।

कुछ दिन बाद पिता ने बेटे को फिर से बुलाया और कहा, ''बेटा जो सेब तुमने अलमारी में रखे थे उन्हें ले आओ।'' लड़का सेब निकालने चला गया, लेकिन जैसे ही उसने अलमारी खोली तो देखा सारे-के-सारे सेब सड़ चुके थे। लड़के ने कहा

कि पिता जी इन सेबों में एक सेब सड़ा हुआ था, जिसकी वजह से और सेब भी खराब हो गए। पिता ने कहा कि तुम सही कह रहे हो संगति का प्रभाव इसी तरह पड़ता है। एक मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है। यही तुम पर भी लागू होता है। आज तुम भी बुरी संगति के कारण ऐसे हो गए हो। लड़के की सब बात समझ में आ चुकी थी। उसने पिताजी से माफी माँगी और गलत संगत छोड़ने का वचन दिया।

**खेलकर सीखें**

- **नीचे दिए गए चित्र में अनेक जानवरों के अंग हैं, उन्हें पहचानकर उनके नाम लिखिए–**

  शेर, जिराफ़, जेबरा, हाथी, ऊँट व मोर।

## 17. सुस्तराम ( कहानी )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. कक्षा में गुरु जी के डाँटने पर सुस्तराम जोड़ व घटा के सवाल कर लेता था।

2. खजांची बनकर सुस्तराम गुणा-भाग की समस्या को अनदेखा कर देता था।

3. सुस्तराम बिस्तर से उठकर बोला, "अरे! मैं तो सपना देख रहा था।"

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. **सुस्तराम** बिलकुल अपने नाम के अनुरूप था।

2. उस शहर में चारों ओर खूब **हरियाली** थी।

3. सुस्तराम को **जोड़ना-घटाना** तो आता ही था।

4. धीरे-धीरे बात **राजा** के कानों तक पहुँच गई।

5. सुस्तराम को अपनी **गलती** का अहसास हो गया था।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए**

**उत्तर–** 1. (a) गणित　　2. (d) खजांची का

3. (b) कारागार में　　4. (d) (a) व (c) दोनों का

**( घ ) किसने कहा?**

**उत्तर–** 1. राजा ने　　2. मंत्री ने　　3. राजा ने　　4. सुस्तराम ने

**( ङ ) वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखिए–**

**उत्तर–** 1. सही　　2. गलत　　3. सही　　4. गलत

**( च ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. गणित विषय के गुणा-भाग के सवाल करने में सुस्तराम को नींद आने लगती थी।

2. गणित को लेकर बहस करते कुछ लोगों की समस्या को सुस्तराम ने जोड़-घटा

के प्रयोग से हल कर दिया। राजा ने यह बात सुनकर उसे दरबार में बुलाया और अपना दरबारी बना दिया।

3. सुस्तराम ने राजा के प्रश्न का कोई उत्तर नहीं दिया और राजमहल से भागने लगा इसलिए राजा के सैनिकों ने उसे पकड़कर कारागार में डाल दिया।
4. सुस्तराम ने प्रण किया कि अब वह कभी गणित से दूर नहीं भागेगा और मन लगाकर पढ़ाई करेगा।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) पढ़िए, समझिए और लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शान | + | दार | = | **शानदार** | पाठ | + | शाला | = | **पाठशाला** |
| राज | + | कोष | = | **राजकोष** | राज | + | महल | = | **राजमहल** |
| गृह | + | कार्य | = | **गृहकार्य** | अन | + | देखा | = | **अनदेखा** |

**( ख ) विशेषणों को सही जगह पर लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **हरा** | पेड़ | **मीठी** | चटनी | **मोटी** | पुस्तक |
| **गोल** | चाँद | **खुशबूदार** | फूल | **वीर** | सैनिक |
| **मूर्ख** | सुस्तराम | **अच्छा** | शहर | | |

**विषय-संवर्धन गतिविधियाँ**

**आइए, कुछ करें**

- **आपका सबसे प्रिय विषय कौन-सा है? लिखिए। क्या आप अन्य विषयों में भी बराबर रुचि लेते हैं?**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **आपने चींटी और टिड्डे की कहानी अवश्य सुनी होगी। दिए गए चित्रों को कहानी के अनुसार क्रम में लगाइए।**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **आपको भी सपने आते होंगे। अपने किसी ऐसे सपने के बारे में बताइए, जिसे देखकर आपको कोई अच्छा काम करने की प्रेरणा मिली हो।**

  स्वयं कीजिए।

## 18. नीति-वचन ( दोहे )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. हमें कमजोर को इसलिए नहीं सताना चाहिए, क्योंकि ऐसा करना मानवता के

विरुद्ध है।

2. सज्जन व्यक्ति को रूठ जाने पर बार-बार मना लेना चाहिए, क्योंकि सज्जन व्यक्ति जल्दी नहीं मिलते और यदि वह न रहे तो हमें सही राह कौन दिखाएगा।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (c) आज 2. (d) खजूर का वृक्ष

3. (b) महान

**( ग ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. हमें मीठी वाणी बोलनी चाहिए, क्योंकि इससे बोलने वाले और सुनने वाले दोनों को शीतलता (संतुष्टि) प्राप्त होती है।

2. हमें आज का कार्य कल पर नहीं टालना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कल हमें उससे भी अधिक आवश्यक कार्य मिल जाए या कल कोई अन्य मजबूरी आ जाए और हम आज का कार्य कल न कर पाए।

3. रहीम के अनुसार जो लोग गरीब का हित चाहने वाले होते हैं, वही धन्य हैं।

**व्याकरण-ज्ञान**

- **तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर-** | दुर्बल | **दुबला** | भिक्षा | **भीख** | प्रहर | **पहर** |
| | धरा | **धरती** | कर्म | **काम** | वाणी | **बानी** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **कृष्ण और सुदामा की दोस्ती का कोई एक प्रसंग कहानी के रूप में लिखकर अपने अध्यापक/अध्यापिका को दिखाइए।**

एक बार गुरु माँ ने सुदामा को चने देकर कहा कि इसमें से आधे चने श्रीकृष्ण को भी दे देना और तुम दोनों जाकर जंगल से लकड़ी बिन लाओ। फिर दोनों जंगल में लकड़ी बिनने चले गए। वहाँ बारिश होने लगी और तभी दोनों एक शेर को देखकर वृक्ष पर चढ़ जाते हैं। ऊपर सुदामा और नीचे श्रीकृष्ण। फिर सुदामा अपने पल्लू से चने निकालकर चने खाने लगता है। चने खाने की आवाज सुनकर श्रीकृष्ण कहते हैं, अरे ये कट-कट की आवाज कैसी आ रही है। कुछ खा रहे हो क्या? सुदामा कहता है नहीं, ये तो सर्दी के मारे मेरे दाँत कट-कटा रहे हैं। यह सुनकर श्रीकृष्ण कहते हैं कि मुझे भी बहुत सर्दी लग रही है। सुना है कि कुछ खाने से शरीर में गर्मी आ जाती है तो लाओ वो चने जो गुरुमाता ने हमें दिए थे। दोनों बाँटकर खा लेते हैं।

यह सुनकर सुदामा कहता है चने कहाँ हैं? वे तो पेड़ पर चढ़ते समय ही मेरे पल्लू से नीचे गिर गए थे। यह सुनकर श्रीकृष्ण कहते हैं ओह! यह तो बहुत बुरा हुआ। यह सुनकर नीचे की डाल पर बैठे भगवान श्रीकृष्ण अपने चमत्कार से हाथों में चने ले आते हैं और ऊपर चढ़कर सुदामा को देकर कहते हैं कि पेड़ पर फल तो नहीं

लेकिन मेरे पास ये चने हैं। सुदामा कहते हैं ये तुम्हारे पास कहाँ से आए? तब कृष्ण कहते हैं कि मुझे भूख कम लगती है ना। जब पिछली बार गुरुमाता ने जो चने दिए थे वे अब तक मेरी अंटी में बँधे हुए थे। ले लो, अब जल्दी से खालो। यह सुनकर सुदामा कहता है नहीं नहीं, मैं इसे नहीं ले सकता। तब श्रीकृष्ण पूछते हैं क्यों नहीं ले सकते? सुदामा रोते हुए कहता है कि मैं इसका अधिकारी नहीं हूँ और मैं तुम्हारी मित्रता का भी अधिकारी नहीं हूँ। मैंने तुम्हें धोखा दिया है मुझे क्षमा कर दो। कृष्ण कहते हैं अरे! जिसे मित्र कहते हो उससे क्षमा माँगकर लज्जित न करो मित्र।... इसी प्रकार एक बार श्रीकृष्ण सुदामा को वचन देते हैं कि मित्र जब भी तुम संकट में हो तो मुझे याद करना मैं अपनी मित्रता जरूर निभाऊँगा।

**कल्पना की उड़ान**

- **रहीम के निम्नलिखित दोहे का अर्थ लिखिए–**

  **रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय,**

  **टूटे ते फिर ना जुरे, जुरे गाँठ परी जाय।**

**उत्तर–** ***अर्थ*** रहीमदास जी कहते हैं कि प्रेम रूपी धागे को तोड़ना नहीं चाहिए अर्थात् संबंधों में दरार नहीं आनी चाहिए क्योंकि टूटने से प्रेम रूपी धागा नहीं जुड़ता और यदि जुड़ भी जाए तो उसमें गाँठ पड़ जाती है अर्थात् फिर वह प्रेम भाव नहीं रहता।

**खेलकर सीखें**

- **दिए गए कवियों/कवयित्रियों को पहचानकर उनके नाम लिखिए–**

**उत्तर–**


तुलसीदास


मीराबाई


जयशंकर प्रसाद


महादेवी वर्मा

## 19. भारत की राजधानी ( लेख )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. नई दिल्ली के संसद भवन, राष्ट्रपति भवन व इंडिया गेट भव्य स्मारक है।

2. पुरानी दिल्ली में लाल किला, जामा-मस्जिद तथा हुमायूँ का मकबरा आदि इमारतें दर्शनीय हैं।

3. भारत का सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में स्थित है।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** 1. **भारत** की राजधानी 'दिल्ली' देश के दिल के समान है।

2. लाल किला **लाल** पत्थरों से बना है।

3. दिल्ली के सौंदर्य ने हम लोगों को **मंत्रमुग्ध** सा कर दिया था।

4. वास्तव में, भारत की राजधानी दिल्ली अपने आप में बहुत ही **निराली** नगरी है।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** 1. (d) इंद्रप्रस्थ — 2. (c) सिरी

3. (c) चाँदनी चौक — 4. (d) उपर्युक्त तीनों

**( घ ) उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| • स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण | • सिरी |
| • पांडवों की राजधानी | • नई दिल्ली |
| • अलाउद्दीन खिलजी | • लौह स्तंभ |
| • चंद्रगुप्त विक्रमादित्य | • इंद्रप्रस्थ |
| • सुप्रीम कोर्ट | • लाल किला |

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. भारत की राजधानी 'दिल्ली' दो भागों में बँटी हुई है–नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली।

2. दिल्ली का प्रसिद्ध बाज़ार 'चाँदनी चौक' है।

3. दिल्ली में बुद्धा गार्डन, ताल कटोरा गार्डन, मुगल गार्डन और रोशन आरा बाग आदि देखने योग्य हैं।

4. दिल्ली को 'देश का दिल' कहना इसलिए उचित है, क्योंकि दिल्ली के सौंदर्य से व्यक्ति मंत्र-मुग्ध हो जाता है। यहाँ अनेक दर्शनीय इमारते हैं। जोकि अपनी ओर आकर्षित करती हैं।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| 1. कुतुबमीनार | **क् + उ + त् + उ + ब् + अ + म् + ई + न् + आ + र् + अ** |
| 2. दिल्ली | **द् + इ + ल् + ल् + ई** |
| 3. विशेषता | **व् + इ + श् + ए + ष् + अ + त् + आ** |
| 4. सुशोभित | **स् + उ + श् + ओ + भ् + इ + त् + अ** |
| 5. ठिकाना | **ठ् + इ + क् + आ + न् + आ** |

**( ख ) वाक्यों को कोष्ठक में दिए काल के अनुसार बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–** 1. कल मेरी वार्षिक परीक्षा समाप्त हो जायेगी।

2. मैंने यहाँ के सभी प्रसिद्ध स्थान दिखाए थे।

3. वहाँ से वापस आने का मन नहीं हो रहा है।

4. मेरी यात्रा आनंददायिनी रहेगी।

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **किन्हीं तीन ऐसे स्थानों के नाम लिखिए, जिन्हें आप देखना चाहते हैं-**

  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **स्वयं की गई किसी यात्रा का वर्णन कीजिए।**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **दिल्ली के इन प्रसिद्ध मंदिरों व स्मारकों को पहचानकर इनके नाम लिखिए-**

**उत्तर-**



बिरला मंदिर



अक्षरधाम मंदिर



लोट्स टेम्पल (बाही मंदिर)



लालकिला

# 1. है शौक यही अरमान यही ( कविता )

## अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. बच्चे जो लोग अंधेरे में हैं उनके घर के हर कोने में उद्यम का दीप जलाने को कह रहे हैं।

2. बच्चे वीरों का मान बढ़ाने को कह रहे हैं।

3. प्रस्तुत कविता के रचयिता 'रामनरेश त्रिपाठी' हैं।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-**

**उत्तर-** जो लोग अँधेरे में हैं पड़े,
**अपनी ही नहीं नजर में हैं।**
उनके घर के हर कोने में,
**उद्यम का दीप जलाएँगे।**
जो लोग हार कर बैठे हैं,
**उम्मीद मारकर बैठे हैं।**

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (d) अमर     2. (a) मरने वाली

3. (d) उद्यम का     4. (b) सर्वस्व

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. कवि का अरमान कुछ करके दिखलाने का है।

2. कवि जो लोग अंधकार में पड़े हैं अर्थात् अपने लिए कुछ कर नहीं सकते उनके लिए उद्यम का दीप जलाना चाहता है।

3. हमें मातृभूमि के लिए अपना सब कुछ लुटा देना चाहिए।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अँधेरा | **अंधकार** | दुनिया | **संसार** |
| घर | **गृह** | आनंद | **हर्ष** |

**( ख ) ऐसे ही 'वान' प्रत्यय लगाकर कुछ नए शब्द बनाइए**

**उत्तर-** बलवान     दयावान     चरित्रवान     क्षमावान

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **कक्षा में अपने साथियों से चर्चा कीजिए कि कौन क्या-क्या बनना चाहता है?**
  स्वयं कीजिए।

**कल्पना की उड़ान**

- **आपकी अपनी क्या अभिलाषा है? तीन वाक्यों में लिखिए-**
  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **यह एक ऐसी कविता है जिसमें समाज के विभिन्न पहलुओं में सुधार की आवश्यकता की ओर ध्यान दिलाया गया है। ऐसी ही अन्य कविताओं का संग्रह कीजिए और उन्हें अपनी हिंदी एलबम में लिखिए अथवा चिपकाइए।**
  स्वयं कीजिए।

# 2. सही पथ का ज्ञान ( प्रेरक कथा )

### अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. दरबार के कर्मचारी राजकुमार से घृणा उसके चिड़चिड़े, अभद्र तथा अविवेकपूर्ण व्यवहार के कारण करने लगे थे।

2. महात्मा के चेहरे पर खुशी तथा संतोष की चमक थी।
3. राजा आश्रम में महात्मा के पास अपने पुत्र के विषय में बात करने गया।
4. महात्मा राजकुमार को समझाना चाहते थे कि अभद्र तथा निर्दयतापूर्ण व्यवहार कभी किसी के दिल को नहीं जीत सकता।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. राजा तथा उसके अनेक **दरबारियों** ने राजकुमार को सही पथ का ज्ञान कराने की भरसक कोशिश की।

2. एक दिन राजा महल के सामने **उद्यान** में भ्रमण कर रहे थे।
3. एक दिन राजा **आश्रम** में महात्मा से मिलने आए।
4. महात्मा ने **राजकुमार** द्वारा पैरों के नीचे कुचले गए नन्हे पौधे को उठाया।
5. राजकुमार **महात्मा** की बात का अर्थ समझ गया।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. (d) (a) व (b) दोनों    2. (c) महात्मा को

3. (a) राजकुमार को    4. (b) विषैला

**( घ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. राजकुमार का स्वभाव चिड़चिड़ा, अभद्र तथा अविवेकपूर्ण था।

2. राजा ने महात्मा से विनती कि हे महाराज, मैं चाहता हूँ कि आप हमारे साथ राजमहल में निवास करें।

3. महात्मा राजकुमार को उद्यान में लेकर गए और उसे एक नन्हें पौधे की एक पत्ती तोड़कर मुँह में चबाकर स्वाद बताने को कहा।

4. राजकुमार ने विषैले पौधे के विषय में कहा कि यदि इसे एक वृक्ष के रूप में फलने-फूलने दिया तो यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा उत्पन्न कर सकता है। इसलिए उस पौधों को उखाड़कर पैरों के नीचे रौंद दिया।

5. राजकुमार ने मन-ही-मन जीवन के सही पथ पर चलने का संकल्प किया। क्योंकि उसे अपने अभद्र तथा निर्दयतापूर्ण व्यवहार के विषय में बोध हो गया था। वह अपनी बुराइयों को समझ गया था।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुरानी | **नयी** | असभ्य | **सभ्य** |
| अनूठी | **सामान्य** | महात्मा | **दुरात्मा** |

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों के भिन्न-भिन्न अर्थ लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गुण | **कला** | **रस्सी** | कर | **हाथ** | **टैक्स** |
| जीवन | **प्राणधारण** | **जीविका** | भाव | **दाम** | **चेष्टा** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **दिए गए चित्र का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए-**

**उत्तर-** रात्रि के अंधकार को चीरकर सूर्य पूर्व दिशा से उदय होकर चारों ओर प्रकाश फैला रहा है। सूर्य की किरणें वृक्षों की हरियाली को ताजगी प्रदान कर रही है। पुष्प खिल गए हैं, तितली पुष्प पर बैठकर रस चूस रही है। आकाश में पक्षी उड़ रहे हैं झरने से शीतल जल प्रवाहित हो रहा है। बतखे तालाब में तैर रही हैं। एक बच्चा प्रात: कालीन सैर कर रहा है और वहीं दूसरा बच्चा तालाब में बतखों को देखकर प्रसन्न हो रहा है।

**कल्पना की उड़ान**

- **यदि आप राजकुमार के स्थान पर होते तो कहानी में क्या बदलाव आता? आप कैसे कह सकते हैं कि यह बदलाव कैसे सार्थक होता?**

  स्वयं कीजिए।

**खेलकर सीखें**

- **एक पौधे का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए-**

  स्वयं कीजिए।

# 3. एक गाँव ऐसा भी ( कहानी )

## अभ्यास-माला

### पाठ-ज्ञान

**मौखिक प्रश्न**

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. गाँव के लोग जरूरत महसूस होने पर पुल बाँधते व तालाब खोदते व जरूरतमंदों को दान भी दे देते थे।

2. राजा ने गाँववालों के लिए सजा सुनाई कि हाथी के पैर से कुचलकर इन्हें मार डालो।

3. राजा ने गाँववालों से खुश होकर उन्हें उनका गाँव व साथ में एक बड़ा हाथी दिया।

**लिखित प्रश्न**

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर-** 1. कुमार एक **अच्छा** आदमी था।

2. वहाँ पर एक छोटा-सा **घर** भी बना लिया गया।

3. गाँव के सब लोग **सुखी** और **विनम्र** हो गए।

4. मुखिया की **जमीन-जयादाद** जब्त कर ली गई।

**( ग ) सही विकल्प पर '✓' का निशान लगाइए-**

**उत्तर-** 1. तीस     2. (d) वे चोर हो गए हैं

3. (b) राजा से     4. (c) कुमार की

**( घ ) निम्नलिखित वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखिए-**

**उत्तर-** 1. सही     2. सही     3. गलत     4. सही     5. सही

**( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर-** 1. गाँव वालों के साथ मिलकर कुमार ने एक जगह पहुँचकर उस स्थान को साफ कर दिया। बाद में वहाँ बैठने के लिए एक चबूतरा बना दिया गया।

2. कुमार परिश्रमी, सत्यवादी, अहिंसा प्रेमी, परोपकारी और सभी का सम्मान करने वाला था जिस कारण गाँव वाले उसकी हर बात मानते थे।

3. मुखिया कुमार से इसलिए चिढ़ता था, क्योंकि कुमार के कारण लोगों में आपसी झगड़े बंद हो गए थे कोई भी गलत काम नहीं करता था जिसके कारण मुखिया को मिलने वाला जुर्माना बंद हो गया था।

4. हाथियों ने गाँव वालों को इसलिए नहीं कुचला, क्योंकि वे सभी जीव-हिंसा नहीं करते थे।

**व्याकरण-ज्ञान**

**( क ) क्रिया के करने वाले को 'कर्ता' कहते हैं। निम्नलिखित वाक्यों में से कर्ता छाँटकर लिखिए-**

**उत्तर-** 1. कुमार     2. हाथी     3. मुखिया     4. राजा

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए-**

**उत्तर-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आदमी | = | **नर** | **मानुष** | **इंसान** |
| राजा | = | **नृप** | **नरेश** | **नृपति** |
| घर | = | **गृह** | **भवन** | **निकेतन** |
| हाथी | = | **गज** | **हस्ती** | **करी** |

## विषय-संवर्धन गतिविधियाँ

**आइए, कुछ करें**

- **आपकी कॉलोनी का पार्क बहुत गंदा पड़ा है, इसमें बच्चों को खेलने-कूदने की सुविधाएँ नहीं हैं। ऐसा वर्णन करते हुए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारी को शिकायत-पत्र लिखिए।**

सेवा में,

श्री मान स्वास्थ्य अधिकारी

दिल्ली नगर निगम,

नई दिल्ली

विषय : कॉलोनी के पार्क की सफाई हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को प्रार्थना-पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं अपने मोहल्ले मित्रलोक कॉलोनी का रहने वाला हूँ। यहाँ की सफाई व्यवस्था की स्थिति बहुत ही दयनीय है। हमारी कॉलोनी का पार्क बहुत गंदा पड़ा है, गंदगी के कारण बच्चों को खेलने कूदने की सुविधा भी नहीं है। सफाई कर्मी के न आने से जगह-जगह कूड़े, कचरे का ढेर लग गया है। चारों तरफ बदबू और मक्खी मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिसके कारण विभिन्न प्रकार की बिमारियाँ फैलने लगी हैं।

अत: आपसे विनम्र निवेदन है कि हमारी कॉलोनी में जल्द-से-जल्द सफाई की समुचित व्यवस्था कराई जाए। इसके लिए सदा आपका आभारी रहूँगा।

भवदीय

